www.vijaymat.com

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र


भोपाल, रविवार, 22 जून 2025 | वर्ष- 10 | अंक- 188 | पेज- 08 | मूल्य- ₹5.00/-

आइए, हम सब मिलकर योग को एक जन आंदोलन बनाएं। एक ऐसा आंदोलन, जो विश्व को शांति, स्वास्थ्य और समरसता की ओर ले जाए। जहां हर व्यक्ति दिन की शुरुआत योग से करे और जीवन में संतुलन पाए। जहां हर समाज योग से जुड़े और तनाव से मुक्त हो। जहां योग मानवता को एक सूत्र में पिरोने का माध्यम बने। और जहां "योगा फॉर वन अर्थ, वन हैल्थ" एक वैश्विक संकल्प बन जाए।

▶▶ नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री











## 'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए' योग की थीम पर मना 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# योग का अर्थ है जोड़ना और मैं से हम की यात्रा ही योग का आधार है : पीएम मोदी

**विजय मत, भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुए राष्ट्रीय कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़ते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के अटल पथ पर राज्य स्तरीय योग संगम सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ एवं निरोगी काया के लिए प्रतिभागियों के साथ योगाभ्यास भी किया। प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन का इस अवसर पर सजीव प्रसारण किया गया। राष्ट्रीय कार्यक्रम से प्रसारित कॉमन योग प्रोटोकॉल का अनुसरण करते हुए अटल पथ पर बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों और जनसामान्य ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में योग किया। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, सांसद वी.डी. शर्मा तथा आलोक शर्मा उपस्थित थे।

### योग ने बीते एक दशक में दुनिया को जोड़ा है: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशाखापत्तनम् में योगांध्र कार्यक्रम में कहा कि योग का अर्थ है जोड़ना। योग ने बीते एक दशक में दुनिया को जोड़ा है। भारत ने जब संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देने के लिए प्रस्ताव रखा तो 175 देश भारत के प्रस्ताव के साथ खड़े थे। वर्तमान दौर में ऐसा अभूतपूर्व समर्थन सामान्य नहीं है। यह सिर्फ समर्थन नहीं, बल्कि यह दुनिया की भलाई के लिए एक प्रयास था। आज दुनियाभर में करोड़ों लोगों के लिए योग जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है। योग सभी के लिए है और सभी का है। उम्र और अन्य सभी सीमाएं तोड़ते हुए यह उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करता है। योग का समाज में सोशल प्रमोशन कैसे हो सकता है, इसे योगांध्र अभियान की सफलता से समझा जा सकता है। इस वर्ष एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम है। योग हमारे लिए वसुधैव कुटुंबकम के मार्ग पर चलते हुए दुनिया को एक मंच पर लाने का माध्यम है। यह मैं से ऊपर उठकर हम की यात्रा है, समर्पण, सेवा और सहअस्तित्व का भाव है।







मंगूभाई पटेल, राज्यपाल



दुर्गादास उइके, केंद्रीय मंत्री



आलोक शर्मा, सांसद भोपाल



आशीष अग्रवाल, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी

### भारत वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ आगे बढ़ रहा: सीएम मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारे लिए विश्व एक परिवार है, और विश्व योग दिवस का अवसर दुनिया को भारत के मूलदर्शन और योगशैली से परिचय कराने का दिन है। योगाभ्यास करने से मन शांत होता है, शांति से संतोष आता है और जब मन में संतोष हो तो मनुष्य अहिंसा की तरफ बढ़ता है। योग, शारीरिक बल और मानसिक शांति व प्रफुल्लता बढ़ाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आष्टांग योग दर्शन के रचयिता महर्षि पतंजलि को प्रणाम कर, शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए मानवता को योग का वरदान देने के लिए उनका आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 21 जून का दिन खगोलीय गणना की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। आज के दिन भगवान सूर्यनारायण उत्तरायण की यात्रा पूरी कर दक्षिणायन में प्रवेश करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने योग के माध्यम से भारत के मूल दर्शन और जीवन शैली से विश्व को परिचित कराया है। समूची वंसुधरा को परिवार मानते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कोविड के दौर में देश के लोगों को बचाने के साथ-साथ दुनिया के 100 से अधिक देशों को आवश्यक सहायता उपलब्ध करा कर लोगों की जान बचाई।

## सीएम नीतीश के लीडरशीप में चुनाव लड़ेगी भाजपाः गृह मंत्री अमित शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बिहार विधानसभा चुनाव के ऐलान में भले ही अभी तीन महीने से ज्यादा का समय बचा हुआ है, लेकिन सभी दल अभी से तैयारियों में जुट गए हैं। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री के एक बयान दिया है, जिससे एनडीए खासकर जेडीयू को काफी राहत मिली है। दरअसल, गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों एक न्यूज चैनल को इंटरव्यू दे रहे थे। इसी दौरान एंकर ने उनसे बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर एक सवाल किया। इस पर गृह मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि बीजेपी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ने जा रही है। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी 20 जून को बिहार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जमकर तारीफ की। एक इंटरव्यू में गृह मंत्री अमित शाह से जब पूछा गया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव का मुद्दा विकास रहेगा या जाति? इस पर गृह मंत्री ने जवाब दिया कि चुनाव के मुद्दे हमेशा जनता तय करती है।



## सोनिया गांधी बोलीं-ईरान पुराना दोस्त, भारत की चुप्पी परेशान कर रही

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की है। उन्होंने द हिंदू में एक आर्टिकल में लिखा कि इजराइल खुद परमाणु शक्ति है, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार न होने पर भी टारगेट किया जा रहा है। ये इजराइल का दोहरा मापदंड है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान भारत का पुराना दोस्त रहा है और ऐसे हालात में भारत की चुप्पी परेशान करने वाली है। गाजा में हो रही तबाही और ईरान में हो रहे हमलों को लेकर भारत को स्पष्ट, जिम्मेदार और मजबूत आवाज में बोलना चाहिए।

## पोलिंग सेंटर की फुटेज सार्वजनिक नहीं कर सकते, इससे वोटर को खतरा : ईसी

### राहुल बोले- जिससे जवाब चाहिए, वो सबूत मिटा रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि वोटिंग सेंटर्स की वेबकास्टिंग की सीसीटीवी फुटेज शेयर करना सही नहीं है। इससे वोटर्स, ग्रुप की पहचान करना आसान हो जाएगा। वोट देने वाले और वोट न देने वाले दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी का शिकार हो सकते हैं। आयोग ने कहा- सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के कानूनी प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन होगा। आयोग का ये जवाब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली होने के दावे पर सीसीटीवी फुटेज शेयर करने की मांग पर आया है।



इससे पहले शनिवार दोपहर राहुल गांधी ने अपनी- पोस्ट में लिखा- वोटर लिस्ट, फॉर्मेट नहीं देंगे। सीसीटीवी फुटेज कानून बदलकर छिपा दी। चुनाव की फोटो-वीडियो? अब 1 साल नहीं, 45 दिनों में ही मिटा देंगे। जिससे जवाब चाहिए था - वही सबूत मिटा रहा है। साफ दिख रहा है- मैच फिक्स है, और फिक्स किया गया चुनाव, लोकतंत्र के लिए जहर है।

## ऑपरेशन सिंधु : ईरान से 2 बैच में 407 भारतीय लौटे

### वन्दे मातरम् के नारों से गूंजा एयरपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईरान और इजराइल संघर्ष के बीच ऑपरेशन सिंधु के तहत शुक्रवार देर रात 290 भारतीय नागरिक दिल्ली लौटे। इनमें से ज्यादातर कश्मीर के छात्र हैं। इसके अलावा कुछ यात्री दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल से भी हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, अब तक 517 भारतीय नेशनल स्वदेश लौट चुके हैं। शुक्रवार देर रात 2 बैच में 407 भारतीय लौटे। देर रात 10-30 बजे की फ्लाइट में 190 कश्मीरी छात्रों समेत 290 और देर रात 3 बजे की फ्लाइट में 117 लोग थे। इससे पहले 19 जून को 110 छात्र आर्मेनिया और दोहा के रास्ते भारत पहुंचे थे। एक और फ्लाइट शनिवार शाम तक आ सकती है।



**विजय मत एंकर**

### आईडीएफ बोला- 3 कमांडर भी मारे, दावा- सुप्रीम लीडर खामेनेई ने 3 संभावित उत्तराधिकारी चुने

## इजरायली हमले में एक और ईरानी न्यूक्लियर साइंटिस्ट की मौत

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल ने ईरान के एक और न्यूक्लियर साइंटिस्ट की हत्या कर दी है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के अनुसार, साइंटिस्ट इसार तबातबाई-कमशेह और उनकी पत्नी की मौत शुक्रवार को तेहरान में एक अपार्टमेंट पर ड्रोन हमले में हुई थी। इजराइल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का आज 9वां दिन है। इजराइल 13 जून से अब तक 11 ईरानी न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स की हत्या कर चुका है। इजराइल डिफेंस फोर्स ने शनिवार को ईरानी सेना के 3 कमांडरों और 4 जवानों को भी मारने का दावा किया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने 3 मौलवियों को अपनी मौत के बाद सुप्रीम लीडर बनने के लिए नॉमिनेट किया है। संभावित उत्तराधिकारियों की रेस में खामेनेई के बेटे, मोजतबा का नाम नामित नहीं हैं।



### ईरान में 13 जून से अब तक 657, इजराइल में 24 की मौत

अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान में 13 जून से अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं। हालांकि, ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिर्फ 430 नागरिक के मारे जाने और 3,500 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। वहीं, इजराइल में 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं।

### फ्रांस ने ईरान से अपने दो नागरिकों की रिहाई की मांग की

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने शनिवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से फोन पर बात की। मैक्रों ने एक्स पर पोस्ट में बताया कि ईरानी राष्ट्रपति ने उन्हें फोन किया था। इस दौरान उन्होंने ईरान से फ्रांस के दो नागरिकों की रिहाई की मांग की। मैक्रों ने कहा, मैंने सेसिल कोहलर और जैक्स पेरिस को रिहा करने की मांग की है। उनकी अमानवीय हिरासत गलत है। मैं उनसे फ्रांस लौटने की उम्मीद करता हूं।

**अहमदाबाद हादसा** | एअर इंडिया के 3 अफसरों को हटाने का आदेश

## डीजीसीए ने एयरलाइन से 10 दिन में रिपोर्ट मांगी, हादसे में 270 मौतें हुई थीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अहमदाबाद हादसे के बाद डीजीसीए ने शनिवार को एअर इंडिया को 3 अफसरों को हटाने का आदेश दिया। इनमें डिविजिनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लॉनिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल हैं। तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। डीजीसीए ने एअर इंडिया को तत्काल प्रभाव से इन्हें क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़े रोल से हटाने का आदेश दिया।



### डीजीसीए ने यह निर्देश भी दिए

एअर इंडिया इन अधिकारियों को क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़ी सभी जिम्मेदारियों से तत्काल हटाए। इन अधिकारियों के खिलाफ इंटर डिसिप्लिनरी एक्शन तुरंत शुरू करे। 10 दिन में डीजीसीए को रिपोर्ट दे। इन अधिकारियों को जब तक सुधारात्मक प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक नॉन-ऑपरेशनल पदों पर ट्रांसफर किया जाए।

## न्यूज इन शॉर्ट



### भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के द्वारा 47 सूत्रीय मांग को लेकर किया जा रहा गेट मीटिंग

धनपुरी। धनपुरी है एसईसीएल सोहागपुर एरिया में कर्मचारियों की 47 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के द्वारा सभी कोयला खदानों में तीन दिनों से गेट मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है जहां पर कर्मचारियों की समस्याओं को रखा जा रहा है और इस विरोध प्रदर्शन को लेकर सहयोग की अपील भी की जा रही है भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के द्वारा जहां पहले दिन खैरहा भूमिगत खदान में गेट मीटिंग आयोजित की गई जहां पर जो मांग पत्र प्रबंधन को दिया गया है उसके संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई इस अवसर पर कार्यवाहक अध्यक्ष द्वारका प्रसाद मिश्र क्षेत्रीय उप महामंत्री अखिलेश मिश्रा उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह अंकित मिश्रा इकाई के अध्यक्ष अभिषेक सिंह सचिव सुरेश राय रोहिणी तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे इसके बाद दूसरे दिन बंगवार भूमिगत खदान में गेट मीटिंग आयोजित की गई यहां पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह इकाई अध्यक्ष युगल किशोर पाल सचिन फरहाज खान संतोष सिंह परिहार मौजूद थे। वही आज राजेंद्र भूमिगत खदान में भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के द्वारा गेट मीटिंग आयोजित की गई जहां पर बड़ी संख्या में कर्मचारी भी मौजूद थे इस अवसर पर भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के महामंत्री ओमकार द्विवेदी ने कहा कि हम हमेशा कर्मचारियों के हित को लेकर आवाज उठाते हैं और इस पर से किसी तरह का समर्थन नहीं करेंगे हमारे द्वारा प्रबंधन को 47 सूत्रीय मांग पत्र सोपा गया है जिसमें हम अपनी बात रखे हैं और अगर इस मांग पत्र पर किसी तरह की कार्यवाही नहीं की गई तो 23 जून को एरिया महाप्रबंधक कार्यालय के सामने विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आज श्रमिक कॉलोनी में कई समस्याएं हैं कई बार इन समस्याओं को लेकर प्रबंधन का ध्यान आकर्षित कराया गया बैठकों में भी इन मुद्दों को उठाया गया इसके बाद समस्याओं की तरफ जब ध्यान नहीं दिया गया तो आज भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ आंदोलन करने को मजबूर हो रही है अभी हम सभी कोयला खदानों में गेट मीटिंग कर रहे हैं जहां पर कर्मचारियों से समर्थन मांगा जा रहा है और इसके बाद विशाल धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा।

इस अवसर पर महेंद्र पाल सिंह क्षेत्रीय उप महामंत्री अखिलेश मिश्रा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह आशीष मिश्र राजेश्वरी तिवारी विनोद तिवारी सहित बड़ी संख्या में भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

### ट्रैफिक कर्मी की अनोखी ट्रिक, बारिश में साइड मिरर को साफ रखने रखे आलू



शहडोल। बारिश के मौसम में वाहन चालकों के लिए एक अनोखी ट्रिक सामने आई है, जिसे ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल विवेकानंद तिवारी ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। जिसे पांच दिनों में आठ करोड़ से अधिक लोगों ने देखा है।उनके यह विडियो में एक साधारण आलू का उपयोग करते हुए दिखाया गया है कि कैसे साइड मिरर को साफ और स्पष्ट रखा जा सकता है। इस वीडियो ने न केवल लोगों का ध्यान खींचा है, बल्कि सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल भी हो रहा है।

विवेकानंद तिवारी, जो कि शहडोल जिले में ट्रैफिक हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं, यह वीडियो हाल ही में मौसम की नकारात्मक स्थिति को ध्यान में रखते हुए बनाया। वीडियो में उन्होंने दिखाया कि आलू को काटकर साइड मिरर पर रगड़ने से मिरर पर पानी की बूंदें नहीं टिकती हैं, जिससे दृश्यता बनी रहती है। जब आप आलू के रस से मिरर को साफ करते हैं, तो यह एक प्राकृतिक कोटिंग का काम करता है।

# गड्ढों से यात्रा खतरे में, नपा की लापरवाही से जगन्नाथ यात्रा पर संकट

### शहडोल नगर की जर्जर सड़कों पर जलभराव और कीचड़, जिम्मेदार बेखबर

**विजय मत, शहडोल**

नगर के सभी वार्डों की सड़कों की हालत इतनी बदहाल हो चुकी है कि हर ओर सिर्फ गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। नगर पालिका और पार्षदों की लापरवाही के कारण जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 29 जून को भगवान जगन्नाथ जी की यात्रा प्रस्तावित है, जो कमिश्नर बंगला वाली मुख्य सड़क से निकलेगी। लेकिन उस मार्ग की स्थिति इतनी खराब है कि उसमें गड्ढों और कीचड़ के सिवाय कुछ भी नजर नहीं आता।



#### वर्षों से निर्माण के नाम पर सिर्फ आश्वासन

नगर पालिका हर बार टेंडर प्रक्रिया का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ लेती है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं किया गया। सवाल उठता है कि जब जगन्नाथ यात्रा जैसी महत्वपूर्ण धार्मिक परंपरा निकाली जाती है, तब भी अगर प्रशासन नहीं जागता, तो आखिर कब जागेगा? कमिश्नर बंगला रोड ही नहीं, बल्कि जिन अन्य मार्गों से यात्रा गुजरेगी, वहां की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है।

#### शहर की मुख्य सड़कों पर जलभराव और कीचड़

बुढ़ार चौक से बस स्टैंड तक, पटेल नगर पहुंच मार्ग, पुलिस लाइन रोड, कलेक्टर बंगला रोड और कल्याणपुर पहुंच मार्ग ये सभी इलाके जलभराव और कीचड़ से बेहाल हैं। नागरिकों का पैदल चलना तक दूभर हो गया है। झूला पुल से शारदा मंदिर मार्ग तक सड़क पर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हैं, जिनमें पानी भरने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

#### नगर पालिका की तैयारियों की पोल खुली

बरसात से पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नगर की सड़कों को सुधारने और आवश्यक मरम्मत के निर्देश दिए गए थे, लेकिन नगर पालिका ने उन्हें नज़र अंदाज़ कर दिया। परिणामस्वरूप शहर की अधिकांश सड़कों पर बारिश के साथ ही जलभराव की स्थिति बन गई है। नागरिकों का आक्रोश फूट पड़ा है और सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कब तक जनता इस बदइंतज़ामी का खामियाज़ा भुगतनी पड़ रही है।

#### निष्क्रिय प्रशासन बना आमजन की परेशानी का कारण

शहर की सड़कें अब चलने लायक भी नहीं बची हैं। जिम्मेदार अधिकारी महज़ खानापूर्ति कर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन वास्तविकता में सुधार के कोई प्रयास नहीं किए जा रहे। अब जब जगन्नाथ यात्रा जैसे धार्मिक आयोजन पर संकट मंडरा रहा है, तब नगर पालिका की निष्क्रियता पर उंगली उठना लाजमी है।

## पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य आयोजन




**विजय मत, शहडोल**

मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज दिनांक 21 जून 2025 को प्रातः 6 बजे पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल परिसर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु माननीय प्रो. राम शंकर जी ने की तथा उनके कुशल मार्गदर्शन में आयोजन की संपूर्ण रूपरेखा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. आशीष तिवारी, प्रो. प्रमोद कुमार पाण्डेय, प्रो. प्रवीण कुमार शर्मा, प्रो. अमित निगम, प्रो. महेन्द्र भटनागर सहित विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के प्रेरणादायक उद्बोधन के लाइव प्रसारण से हुई। इसके पश्चात माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का संबोधन भी सीधा प्रसारित किया गया। प्रधानमंत्री जी ने योग को ÷मानवता की सार्वभौमिक धरोहर÷ बताते हुए इसके सतत अभ्यास से जीवन में आने वाले सकारात्मक परिवर्तनों को रेखांकित किया।

कुलगुरु प्रो. राम शंकर जी का प्रेरणादायक उद्बोधन−अपने उद्बोधन में कुलगुरु प्रो. राम शंकर जी ने कहा ÷योग केवल व्यायाम नहीं है, यह आत्मा और शरीर के बीच का गहरा संवाद है। यह भारतीय ज्ञान परंपरा की ऐसी अनुपम देन है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य देती है, बल्कि मानसिक शांति और सामाजिक समरसता का भी आधार है। आज जब दुनिया तनाव, भागदौड़ और रोगों से जूझ रही है, तब योग एक वैश्विक समाधान के रूप में सामने आया है। इससे उनकी एकाग्रता, स्मरण शक्ति एवं भावनात्मक संतुलन बेहतर होगा। योग मनुष्य को संतुलित बनाता है, और संतुलित मन ही राष्ट्र निर्माण की दिशा में सार्थक योगदान दे सकता

## कभी नगर की पहचान रहे फव्वारे अब खामोश, नागरिकों की उम्मीदें टूटीं



**विजय मत, धनपुरी**

जिले के धनपुरी एक समय था जब आजाद चौक, नेहरू तिराहा और 3 नंबर कॉम्प्लेक्स जैसे स्थान धनपुरी की पहचान थे। यहां लगे आकर्षक फव्वारे नगर की खूबसूरती में चार चांद लगाते थे। जलधाराओं की मधुर ध्वनि और रंग-बिरंगी लाइटों की चमक शाम होते ही राहगीरों, बच्चों और परिवारों को आकर्षित करती थी। लेकिन आज यही फव्वारे उपेक्षा और अनदेखी के शिकार होकर शोपीस बनकर रह गए हैं। अब न इनमें पानी की फुहारें दिखाई देती हैं और न ही रोशनी की कोई झलक। गर्मी के मौसम में जब लोग थोड़ी राहत की आस में इन स्थानों पर पहुंचते हैं, तो उन्हें निराशा ही हाथ लगती है।

नगर पालिका की लापरवाही

इन फव्वारों को नगर सौंदर्यीकरण परियोजना के तहत नगर पालिका द्वारा लगवाया गया था, जिसका उद्देश्य शहरवासियों को स्वच्छ, सुंदर और सुकूनदायक सार्वजनिक स्थल प्रदान करना था। लेकिन विडंबना यह है कि समय के साथ इनकी देखरेख पूरी तरह बंद कर दी गई। न ही समय-समय पर मरम्मत की गई, न ही लाइटिंग सिस्टम को दुरुस्त किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इन स्थलों की ठीक से देखरेख की जाती तो आज भी यह नगर के आकर्षण का केंद्र बने रहते।

परिषद की बैठक में उठा था मुद्दा

कुछ माह पूर्व नगर परिषद की बैठक में वार्ड क्रमांक 17 और 18 के पार्षदों ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया था। उन्होंने फव्वारों को दोबारा शुरू करने, नियमित समय पर चालू-बंद करने और लाइटिंग सिस्टम को सुधारने की मांग की। उनका कहना है कि ये स्थल नगरवासियों के लिए शांति और सुकून के केंद्र हो सकते हैं, बशर्ते प्रशासन इस दिशा में गंभीरता से कार्य करे।

फव्वारों को पुनर्जीवित कर लौटाया जाए नगर का गौरव

शहरवासी अब नगर पालिका प्रशासन से अपील कर रहे हैं कि इन उपेक्षित स्थलों को फिर से जीवंत किया जाए। अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो धनपुरी का यह सांस्कृतिक सौंदर्य हमेशा के लिए गुम हो सकता है। फव्वारों का पुनर्निर्माण सिर्फ सौंदर्यीकरण नहीं, बल्कि नगर की पहचान और गौरव को फिर से स्थापित करने का अवसर होगा।



### भाजपा कार्यालय में किया गया योग अभ्यास

शहडोल। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संभागीय मुख्यालय जिला भाजपा कार्यालय में शनिवार की सुबह योगअभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने बताया है कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के नेतृत्व में आज अटल निलय जिला भाजपा कार्यक्रम में विधायक श्रीमती मनीषा सिंह , जयसिंह मरावी एवं भाजपा के पदाधिकारी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण इस अवसर पर योगाभ्यास कर कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने योग अभ्यास में शामिल होने आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि योग साधना से तन, मन और विचारों में एक अद्भुत संतुलन और ऊर्जा का संचार होता है। यह हमारे महान ऋषि-मुनियों की अमूल्य देन है, जिसे आज पूरे विश्व ने अपनाया है।

## शैक्षणिक संस्थान संसाधनों के अभाव में बदहाल, विद्यार्थी हो रहे मजबूर

### सुविधाओं और संसाधनों की भारी कमी विद्यार्थी पलायन को विवश

**विजय मत, शहडोल**



शहडोल जिले में 12वीं के बाद उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय की संख्या तो पर्याप्त है, लेकिन संसाधनों और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण के अभाव में ये संस्थान विद्यार्थियों की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं। जिले में एक विश्वविद्यालय, दो प्रमुख महाविद्यालयों के साथ 7 अन्य शासकीय महाविद्यालय संचालित हो रहे हैं, इसके बावजूद छात्र-छात्राएं बड़े शहरों का रुख कर रहे हैं।

**शैक्षणिक संस्थान बन गए हैं शोपीस** – जिले के शैक्षणिक संस्थानों में पर्याप्त इन्फ्रास्ट्रक्चर की भारी कमी है। बड़ी-बड़ी इमारतें होने के बावजूद यहां प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेलकूद की सुविधाएं, स्मार्ट क्लास जैसी बुनियादी आवश्यकताएं नहीं हैं। अध्यापन कार्य का संचालन भी अधिकांश स्थानों पर अतिथि विद्वानों के भरोसे किया जा रहा है।

भवन जर्जर, नवीन परिसर भी असुविधाजनक

पं. एस.एन. शुक्ल विश्वविद्यालय के पुराने परिसर की स्थिति जर्जर हो चुकी है। छात्रों के अनुपात में कक्षों की कमी है, और बैठने की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। वहीं, नवलपुर स्थित नवीन परिसर में भवन अपर्याप्त हैं और मुख्यालय से 12 किमी दूर होने के कारण विद्यार्थियों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। परिवहन की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण छात्र घंटों इंतजार करते हैं।

**इंजीनियरिंग कॉलेज में नहीं मिल रही प्रैक्टिकल सुविधाएं**

छतवई के पास स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में नियमित प्राध्यापकों की भारी कमी है। माइनिंग और मैकेनिकल ब्रांच के विद्यार्थियों को आज भी प्रैक्टिकल की समुचित सुविधा नहीं मिल पाई है। मशीनें और उपकरण होने के बावजूद प्रयोगशालाएं चालू नहीं हैं। केवल संविदा प्राध्यापकों के भरोसे कॉलेज संचालित हो रहा है, जिससे प्रवेश में गिरावट देखी जा रही है।

**प्राध्यापकों के पद रिक्त, छात्र संख्या बढ़ी**

जिले के 9 शासकीय महाविद्यालयों में 50त्न से अधिक पद रिक्त हैं। पिछले 10 वर्षों में छात्र संख्या में वृद्धि तो हुई है, लेकिन प्राध्यापकों की नियुक्ति नहीं हो पाई। नए महाविद्यालयों में न तो रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू हुए हैं और न ही संसाधनों का विस्तार किया गया है। इससे विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

## एसईसीएल को पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला 'प्लैटिनम अवार्ड'

**विजय मत, धनपुरी**

ग्रीनएनवायरो फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रथम वार्षिक ग्रीनएनवायरो एनवायर्नमेंट अवार्ड एवं समिट 2025 के अवसर पर एसईसीएल को मेटल एवं माईनिंग क्षेत्र में पर्यावरणीय उत्कृष्टता के लिए प्लैटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

यह प्रतिष्ठित सम्मान एसईसीएल द्वारा सतत खनन एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है।इसके साथ ही एसईसीएल के निदेशक तकनीकी (संचालन एवं परियोजना/योजना) श्री एन. फ्रैंकलिन जयकुमार को खनन प्रक्रियाओं को पर्यावरण-हितैषी बनाने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए ग्रीन लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया।

एसईसीएल पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अनेक प्रभावशाली पहलों के माध्यम से अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिनमें प्रमुख हैं-

सरफेस माईनर, कँटीन्यूअस माईनर जैसे पर्यावरण अनुकूल खनन तकनीकों को अपनाना फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं के माध्यम से हरित कोयला डिस्पैचव्यापक वृक्षारोपण अभियानों के अंतर्गत मियावाकी पद्धति को अपनाना । खनन क्षेत्रों में धूल नियंत्रण हेतु फॉग और मिस्ट कैनन का उपयोगखदान जल को उपचार उपरांत सामुदायिक व कृषि उपयोग हेतु प्रदाय करना शामिल है। इस अवसर पर एसईसीएल की ओर से श्री प्रवीन कुमार, महाप्रबंधक (खनन)/टीएस-डीटी (पी एंड पी); श्री एम.पी. सिंह, महाप्रबंधक (खनन), हसदेव क्षेत्र; तथा श्री शेख जाकिर हुसैन, मुख्य प्रबंधक (खनन/पर्यावरण) ने समारोह में भाग लिया।

# जिला चिकित्सालय में भोजन संकट, मरीजों की थाली में न पोषण, न सम्मान

### मेन्यू के खिलाफ चल रही व्यवस्था, कई महीनों से नहीं मिला सलाद, मरीज खुद खाना लेने से कतरा रहे



**विजय मत, शहडोल**

जिला चिकित्सालय शहडोल में भर्ती मरीजों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता और मात्रा में भारी लापरवाही सामने आई है। स्थिति इतनी खराब हो गई है कि अब मरीज खुद अस्पताल का खाना लेने से कतराने लगे हैं। निर्धारित डाइट चार्ट और मापदंडों को नजरअंदाज कर मनमानी ढंग से भोजन परोसा जा रहा है। यह लापरवाही मरीजों की सेहत पर सीधे असर डाल रही है।

**नाश्ते से लेकर रात के खाने तक सिर्फ खानापूर्ति** –सुबह के नाश्ते में जहां मरीजों को पोहा या उपमा मिलना चाहिए, वहां सिर्फ दलिया परोसा जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि कई बार यही दलिया दोपहर के भोजन में भी दोहराया जाता है। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार चाय के साथ बिस्किट भी दिए जाने चाहिए थे, लेकिन बीते एक सप्ताह से यह पूरी तरह बंद कर दिया गया है।

**मेन्यू से गायब रोटियां और सलाद** – दोपहर और रात्रि भोजन में मरीजों को सिर्फ दाल और लौकी, कद्दू की सब्जी दी जा रही है। न रोटी मिल रही है और न ही सलाद, जबकि दोनों ही पोषण और संतुलित आहार के लिए आवश्यक हैं। बताया जा रहा है कि बीते कई माह से मरीजों को सलाद तक नहीं दिया गया है।

**एसएनसीयू में भी हालात चिंताजनक**

विशेष नवजात देखरेख इकाई (स्न्ष्ट) में भर्ती शिशुओं की माताओं को पोषक भोजन देने का निर्देश है, परंतु उन्हें भी अन्य मरीजों के समान ही हल्का और अधूरा भोजन परोसा जा रहा है। जबकि उन्हें हरी सब्जी, दाल, रोटियां और सलाद की आवश्यकता होती है।

**निजी कंपनी की मनमानी, प्रशासन मौन** –भोजन वितरण का ठेका जिस निजी कंपनी को दिया गया है, वह अपनी मनमानी पर उतरी है। लौकी, कद्दू, भाजी जैसी हल्की सब्जियों का ही प्रयोग हो रहा है। पोषण की कोई विविधता नहीं है। कभी-कभी तो रोटियां तक नदारद रहती हैं। इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन और प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है।

**समय रहते नहीं चेते तो बढ़ सकती हैं मुश्किलें** –अस्पताल में भोजन मरीजों की सेहत सुधारने की अहम कड़ी होता है, लेकिन जब वही भोजन बदइंतजामी का शिकार हो जाए, तो मरीजों की स्थिति और बिगड़ सकती है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को तत्काल हस्तक्षेप कर इस अव्यवस्था को ठीक करना चाहिए, ताकि भविष्य में मरीजों को सम्मानजनक और पोषक आहार मिल सके।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड शहडोल, पाण्डवनगर शहडोल (म.प्र.)

Web site: www.mpphe.gov.in Phone No. 07652-240307

Email:- eephedshd@mp.nic.in Fa& No. 07652-240307

पत्र क्रमांक 846/ ब0ले0लि0/का.यं. / लो.स्वा.यां./2025-26 शहडोल, दिनांक 20/06/2025

### :: निविदा विज्ञप्ति सूचना ::

निम्नलिखित कार्यों की निविदा ई-टेंडरिंग पद्धति से Website http://mptenders.gov.in निविदा प्रारूप एपेन्डिक्स 2.1 पर आमंत्रित की जाती है। जिसमें ऑन लाईन निविदा प्रपत्र क्रय की अंतिम तिथि 30-06-2025 सायं 5.30 बजे तक नियत है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैः-

| निविदा क्र. | निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रु. लाख में) | अमानत राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र की राशि (रुपए में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा आमंत्रण संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | 432217 | शहडोल जिले के विकासखण्ड सोहागपुर के 04 ग्रामों में शेष नलजल योजना के रेट्रोफिटिंग का कार्य। | 133.00 | 133001.00 | 12500.00 | 06 माह | द्वितीय |

1 यह संक्षिप्त निविदा है विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी Website http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

2. सभी शर्ते विस्तृत निविदा की लागू होगी।

G-14601/25

कार्यपालन यंत्री

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड शहडोल (म.प्र.)

## न्यूज इन शॉर्ट

### मृतक दोस्त की करीबी छात्रा को ब्लैकमेल कर किया दुष्कर्म

**विजय मत, भोपाल।** बजरिया पुलिस ने कॉलेज छात्रा की शिकायत पर एक ऐसे आरोपी के खिलाफ बलात्कार व अन्य धाराओं का मामला कायम किया है। जिसने छात्रा के नजदीकी दोस्त की मौत के बाद उसके मोबाइल फोन में से उनके कुछ फोटो अपने अपने मोबाइल फोन में ट्रांसफर कर लिए। बाद में इन्हीं फोटो को एडिट कर वह आरोपी छात्रा को ब्लेकमेल कर उसका शारीरिक शोषण करने लगा। उसकी ब्लेकमेलिंग से तंग आकर छात्रा पुलिस के पास पहुंच गई, शिकायत मिलने पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिये है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 22 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया की साल 2021 में वह अशोका गार्डन इलाके में रहते हुए निजी कॉलेज से पढ़ाई कर रही थी। कुछ साल पहले उसकी दोस्ती साथ पढने् वाले एक युवक से हुई थी। बाद में उस युवक की एक हादसे में मौत हो गई। दोस्त की मौत पर वह उसके इटारसी स्थित उसके घर गई थी। यहां पर उसकी पहचान कुलदीप भदौरिया नाम के युवक से हो गई। कुलदीप मृतक का करीबी दोस्त था, इसका फायदा उठाकर कूलदीप ने मृतक के मोबाइल फोन से उसके कुछ फोटो अपने मोबाइल में ट्रांसफर कर लिए थे। कुलदीप के पास युवती और उसके दोस्त के कुछ पुराने फोटो भी थे, जिन्हें उसने एडिट कर लिया था। इन्हीं फोटो को वायरल करने की धमकी देकर वह तीन साल पहले युवती को स्टेशन बजरिया स्थित एक होटल में लेकर गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद कुलदीप ने दो-तीन बार और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में वह युवती को ब्लैकमेल करने लगा, उसकी करतूतो से परेशान होकर पीड़िता पिपलानी थाने पहुचीं और शिकायत दर्ज कराई। घटनास्थल बजरिया इलाके का होने के कारण पिपलानी पुलिस ने जीरो पर कायमी कर केस डायरी बजरिया पुलिस को भेजी थी, जहां पुलिस ने असल कायमी करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### चीन से एमबीबीएस करने वाली युवती से रेप करने वाला गिरफ्तार

**विजय मत, भोपाल।** राजधानी की मंगलवारा थाना पुलिस ने चीन से एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाली युवती के साथ होटल में दुष्कर्म करने वाले उसके फरार सोशल मीडिया फ्रेंड को गिरफ्तार कर लिया है। 8 माह से फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। पीड़िता ने मामले की शिकायत देवास जिले में दर्ज कराई थी। घटनास्थल राजधानी के मेघदूत होटल होने के चलते केस डायरी मंगलवारा थाना पुलिस को भेजी गई थी। पीड़िता से आरोपी की पहचान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए हुई थी। बाद में उसने मेडिकल प्रैक्टिस करने का लायसेंस दिलाने का झांसा देकर होटल बुलाया और खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था।

### तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार मॉ-बेटे को रौंदा, मॉ की मौत

**विजय मत, भोपाल।** मिसरोद इलाके में स्थित समरधा के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार मां-बेटे को जोरदार टक्कर मार दी, हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर कंटेनर को जब्त करते हुए आरोपी चालक की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान कृष्णा बाई लोधी के रूप में हुई है, वह विदिशा की रहने वाली थी। मृतका अपने बेटे जितेंद्र लोधी के साथ बाइक से पारिवारिक काम के चलते मिसरोद आ रहे थे। इस दौरान महिला का भतीजा सचेंद्र लोधी दूसरी बाइक पर आगे-पीछे चल रहा था। जैसे ही उनका वाहन समरधा स्थित प्रकाश होटल के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने जितेंद्र की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

### ऑटो में सफर के दौरान वृद्ध महिला के गले से सोने की चेन चोरी

**विजय मत, भोपाल।** कोहेफिजा इलाके में एक ऑटो में सफर के दौरान वृद्ध बुजुर्ग महिला की सोने की चेन चोरी हो गई। महिला अपनी बहु के साथ पीरगेट स्थित चौक बाजार से ऑटो में सवार होकर लौट रही थी। रास्तें में ऑटो में दो अन्य महिलाए भी सवार हुई थी। फरियादियो ने उन पर संदेह जताया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस के अनुसार दाता कॉलोनी में रहने वाली 75 वर्षीय गीता प्रजापति पति तरुण प्रजापति गृहिणी है। शुक्र वार दोपहर वह अपनी बहू पूनम प्रजापति (45) के साथ पीरगेट गई थी। वहां से सामान लेने के बाद वापस अपने घर दाता कॉलोनी के लिए सवारी ऑटो में बैठ गई। रास्तें में लालघाटी से दो अन्य महिलाएं भी ऑटो में बैठी थी। दाता कॉलोनी से पहले दोनो महिलॉए ऑटो से उतर गई। इसके बाद घर पहुंचकर गीता ने देखा तो उनके गले में पहनी डेढ़ तोला वजनी सोने की चैन गायब है। इसके बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर संदेही महिलाओ की पहचान जुटाने के लिये सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

### उज्जैन के डोंगला में भारतीय ज्ञान परंपरा पर केन्द्रित कार्यशाला में बोले सीएम मोहन

# भारतीय ज्ञान परंपरा में विज्ञान तथा अध्यात्म का अद्भुत समावेश

**विजय मत, ब्यूरो उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन जिले के काल गणना केंद्र डोंगला का देश में एक विशिष्ट स्थान है। डोंगला को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित करने के साथ ही यहां स्थापित वेधशाला के समय-समय पर आधुनिकीकरण के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को डोंगला में 'खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा' पर केन्द्रित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन के साथ डोंगला भी काल गणना का महत्वपूर्ण केंद्र है। डोंगला के विकास और आधुनिकीकरण के लिए समय-समय पर कार्य किया जाएगा। डोंगला की महत्ता सर्वविदित है। राज्य सरकार वैज्ञानिक प्रबंधन तथा वैज्ञानिक शोध के लिए कटिबद्ध है। प्राचीन भारतीय ज्ञान पर और अधिक रिसर्च को बढ़ावा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डोंगला में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आयोजित कार्यशाला का आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि हमारा प्राचीन ज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण है आधुनिक विज्ञान के साथ प्राचीन भारतीय ज्ञान का समन्वय करते हुए आज के युग की समस्याओं के समाधान के लिए शासन द्वारा कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उज्जैन के ऐतिहासिक महत्व,महापुरुषों और नगरी की प्रतिष्ठा पर चर्चा करते हुए सिंहस्थ स्नान के परम आध्यात्मिक आनंद को भी वर्णित किया।



### खगोलीय वेधशाला में शिक्षक बने मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 21 जून को होने वाली अद्भुत खगोलीय घटना डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में देखी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शंकु यंत्र पर परछाई परिचालन व्यवस्था में शून्य होती परछाई को देखा और उपस्थित सभी को सूर्य परिचालन से समय परिवर्तन और काल गणना को भी समझाया। उन्होंने शिक्षक के रूप में भारतीय ज्ञान परंपरा अनुसार खगोलीय विज्ञान की जानकारी सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को समझाई। क्षितिज वृत्त के धरातल पर निर्मित इस चबूतरे के मध्य में एक शंकुलगा हुआ है, जिसकी छाया से सूर्य का वेग लिया जाता है। इस गोल चबूतरे पर तीन रेखाएँ खींची हैं, जो सूर्य के उत्तरायण व दक्षिणायण की विभिन्न स्थितियों को दर्शाती हैं। सूर्य उत्तरायण के अन्तिम बिन्दु (राजून) पर जब होता है तब डोंगला में विशेष खगोलीय घटना होती है। दोपहर में 12:28 बजे शंकु की छाया लुप्त हो जाती है।

### मुख्यमंत्री ने डोंगला में अत्याधुनिक तारामंडल का किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को उज्जैन जिले के डोंगला में अत्याधुनिक वराहमिहिर तारामंडल का लोकार्पण किया। इस आधुनिक तारामंडल में खगोल विज्ञान के रहस्यों के बारे में डोंगला आने वाले बच्चों और अगुंतको को 4के फिल्म के माध्यम से जानकारी दी जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वराहमिहिर वेधशाला तारामंडल में बच्चों के साथ बैठकर सूर्य विकिरण और उसके तरंगों के अध्ययन पर आधारित फिल्म को भी देखा। उल्लेखनीय है कि आचार्य वराहमिहिर न्यास द्वारा अवादा फाउण्डेशन के आर्थिक सहयोग एवं डीप स्काई प्लेनेटेरियम, कोलकाता के तकनीकी सहयोग से डोंगला में अत्याधुनिक डिजीटल तारामंडल की स्थापना की गई है। तारामंडल में डिजीटल प्रोजेक्टर एवं डिजीटल साउण्ड सिस्टम भी लगाया गया हैं। इस वातानुकूलित गोलाकार तारामण्डल में 55 लोग एक साथ बैठकर रोमांचक अनुभव ले सकेंगे। इस तारामंडल की लागत लगभग 1.6 करोड़ रूपये हैं।



### हमारा पुरातत्व ज्ञान सृष्टि की मूल्यवान वस्तुओं से भी ज्यादा बेशकीमती

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डोंगला अब नगरी के रूप में विकसित हो रही है। उज्जैन काल की नगरी है और प्राचीन काल में समय गणना का प्रमुख केंद्र रहा है, यह काल गणना के केंद्र में पुनः स्थापित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के प्राचीन ज्ञान विज्ञान के वाहक योग के माध्यम से संपूर्ण विश्व में भारतीय संस्कृति की पताका लहरा दी है। प्रधानमंत्री मोदी के विजन अनुसार आज की दुनिया युद्ध की नहीं अपितु अहिंसा और भगवान बुद्ध की दुनिया है। हमारी सनातन संस्कृति ताकत के प्रकटीकरण की जगह शिक्षा और विज्ञान से दुनिया के कल्याण की बात करती है। हजारों सालों से हमारे ऋषि मुनियों ने ध्यान से ज्ञान संकलित कर ज्ञान से विश्व कल्याण के कार्य किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में विद्यार्थियों से संवाद के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संपूर्ण विश्व के कोने-कोने में योग किया जा रहा है। योग के माध्यम से विश्व में व्यक्ति से व्यक्ति को जोड़कर शांति के द्वार प्रशस्त किये जा रहे हैं। पिछली कुछ सदियों में पश्चिम के विज्ञान को महत्व दिया गया, परन्तु 21वीं शताब्दी में भारतीय ज्ञान को महत्व दिया जा रहा है।

### एमआरपी से ज्यादा कीमत पर शराब बेचना पड़ा भारी

# लाइसेंसी शराब दुकानों से वसूला 2.31 करोड़ रुपए जुर्माना

**विजय मत, भोपाल**

प्रदेश में शराब ठेकेदारों की मनमानी चरम पर है। शराब ठेकेदार कानून व सरकारी नियमों से बेखौफ एमआरपी से अधिक मूल्य पर शराब बेच रहे हैं। इससे सरकार व आम जनता को आर्थिक क्षति पहुंचाई जा रही है। ऐसे में लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आबकारी विभाग ने प्रदेशभर में कार्रवाई की है। जिन लाइसेंसी शराब दुकानों पर एमआरपी से अधिक मूल्य पर शराब बेची जा रही थी, उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2.31 करोड़ रूपए का जुर्माना वसूला गया है।

गौरतलब है की राजधानी भोपाल सहित प्रदेशभर में एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेची जा रही है। आश्चर्य की बात तो यह कि आबकारी आयुक्त ने 1 अप्रैल से हर शराब दुकान पर रेट लिस्ट चस्पा करने का आदेश दिया, कीमत भी तय कर दी, पर इसका पालन नहीं किया जा रहा था। प्रदेशभर में एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेचने वाले लाइसेंसी ठेकेदारों के खिलाफ आबकारी विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। आबकारी अमले ने पिछले दिनों राजधानी के बरखेड़ी में शराब दुकान पर कार्रवाई की। यहां महंगी शराब बेचने की शिकायत थी। अधिकारियों ने एक कर्मचारी को 500 का नोट देकर शराब खरीदने भेजा। एक टीम दुकान के आसपास तैनात रही, जिसके पास उस नोट का नंबर और फोटो था। सेल्समैन ने उसे 450 रु. की शराब 460 रु. में दी। इस बीच टीम दुकान पर पहुंची और नोट जब्त कर टेस्ट परेचज का पंचनामा बनाया। एक अन्य पंचनामा भी बनाया गया, जिस पर सेल्समैन के हस्ताक्षर थे। विभाग ने दुकान संचालक को नोटिस देकर कार्रवाई की। इसी तरह की कार्रवाई सभी जगह की जा रही है।

**10 दिन में 106 लाइसेंसी शराब दुकानों पर जुर्माना...** जानकारी के अनुसार विभाग बीते 10 दिन में 15 जिलों की 106 लाइसेंसी शराब दुकानों पर 2.31 करोड़ रुपए का जुर्माना कर चुका है। इस तरह की सबसे ज्यादा कार्रवाई जबलपुर जिले में की गई है। दरअसल, एक अप्रैल से नए ठेके होने के बाद मनमानी कीमतों पर शराब बेचे जाने के मामले सुर्खियों में हैं। मामला मप्र हाईकोर्ट तक भी पहुंच चुका है।

### निगम आयुक्त ने कोकता आवासीय क्षेत्र का किया निरीक्षण, रहवासियों से चर्चा कर किया निराकरण

**विजय मत, भोपाल**

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने कोकता आवासीय परियोजना स्थल का निरीक्षण कर पाईप लाईन में लीकेज सुधार को युद्ध स्तर पर दुरूस्त करने का कार्य प्रारंभ कराया और शीघ्रता से जलापूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नारायन ने कोकता रहवासी समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर अनेक बिन्दुओं पर बातचीत की और रहवासी समिति को स्वयं देखरेख करने की समझाइश दी जिस पर रहवासी समिति ने परिसर में स्वयं देखरेख करने की सहमति दी। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने कोकता आवासीय परियोजना स्थल का शनिवार सांयकाल निरीक्षण किया और आवासीय परियोजना स्थल में पाईप लाईन के लीकेज के कार्य को अपने सामने ही युद्ध स्तर पर शुरू कराया और परियोजना स्थल पर शीघ्रता से जलापूर्ति निर्बाध रूप से बहाल करने के निर्देश दिए।

# मास्टर टेनर्स गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ प्रशिक्षण लें: मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सिंह

**विजय मत, भोपाल**



राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय और विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को निर्वाचक नामावली से जुड़ी जानकारी को लेकर दिया गया प्रशिक्षण भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में शनिवार को राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय और विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर टेनर्स को निर्वाचक नामावली सहित आयोग की विभिन्न गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण सुबह 10 से शाम 6 बजे तक चला। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश सुखवीर सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सिंह ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण को गंभीरता और जिम्मेदारी लें। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रदेश के सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सुचिता के लिए मतदाता सूची एक बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बीएलओ भारत निर्वाचन आयोग का सबसे निचले स्तर पर एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स को विधिक प्रावधान एवं निर्वाचक नामावली प्रक्रिया, रोल प्ले, केस स्टडीज, बीएलओ ऐप एवं फॉर्म भरने के अभ्यास का आंकलन तथा शंकाओं का समाधान किया गया।

### प्रशिक्षण के बाद मास्टर ट्रेनर्स का मूल्यांकन

आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद मास्टर ट्रेनर्स का मूल्यांकन किया गया। इसके लिए आईआईआईडीईएम से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 10 जिलों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रामप्रताप सिंह जादौन, उप मुख्य निवार्चन पदाधिकारी श्रीमती सुरभि तिवारी, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश यादव, राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर प्रवास जैन, वाईपी सिंह उपस्थित रहे।

# हैदराबाद से जबलपुर लाए गए घोड़ों की कैसे हो गई मौत?

### मप्र हाईकोर्ट ने कलेक्टर को दिए शपथ पत्र पर रिपोर्ट पेश करने निर्देश

**विजय मत, ब्यूरो जबलपुर**

हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने हैदराबाद से जबलपुर लाए गए घोड़ों की मौत के मामले को बेहद गंभीरता से लिया। इसी के साथ कलेक्टर, जबलपुर को निर्देश दिया गया कि वे इस सिलसिले में शपथ पत्र पर रिपोर्ट पेश करें। जिसमें जबलपुर में उपचाररत घोड़ों की मेडिकल रिपोर्ट व उपचार संबंधी समस्त जानकारी समाहित करें। इसके अलावा घोड़ों की मौत के तार्किक कारण भी रेखांकित करें। मामले की अगली सुनवाई 25 जून को नियत की गई है।



जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी पशु प्रेमी सिमरन इस्सर की की ओर से अधिवक्ता उमेश त्रिपाठी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि हैदराबाद निवासी सुरेश पाल गुडू हार्स पावर लीग के सूत्रधार हैं। हैदराबाद रेस क्लब में दो घोड़ों की रेस करवाकर उन्होंने ट्रोपंग करेठस्ता नामक एप के माध्यम से फिलीपिंस में आनलाइन स्ट्रीमिंग करते हुए सट्टा लगवाया। इस संबंध में फिलीपिंस सरकार ने केंद्र सरकार से शिकायत की थी। शिकायत के बाद उन्होंने इसे बंद कर दिया था। सुरेश पाल गुडू के पास डेढ़ सौ से अधिक घोड़े थे और उन्होंने चार माह पूर्व कर्मचारियों के वेतन देना बंद कर दिया था। भोजन नहीं मिलने के कारण लगभग 90 घोड़ों की मौत हो गई थी। साक्ष्य छुपाने के लिए घोडो को नियम विरुद्ध तरीके से जबलपुर लगाकर सचिन तिवारी के द्वारा पनागर के रैपुरा में रखा गया है। देखरेख तथा भोजन व उपचार नहीं मिलने के कारण घोड़ों की मौत हो रही है। जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि हैदराबाद से 57 घोडे जबलपुर लाए गए थे। जिसमें से 12 घोडों की मौत हो गई है। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि अभी तक 18 घोड़ों की मौत हुई है। रास्ते में लाते समय छह घोडे की मौत हो गई थी। हैदराबाद से जबलपुर लाने के लिए घोड़ों का नियमानुसार मेडिकल तक नहीं करवाया गया था। आनलाइन गैबलिंग के साक्ष्य छुपाने के लिए घोड़ों का जबलपुर लाकर उन्हें भूखे-प्यासे रखकर मारा जा रहा है।

# युवा कांग्रेस चुनाव: 36 हजार युवाओं ने 6 पदाधिकारियों के लिए डाले वोट

### प्रदेश अध्यक्ष के लिए 18, प्रदेश महासचिव के लिए 178 युवा चुनाव मैदान में

**विजय मत, भोपाल**

युवा कांग्रेस के लिए वोटिंग के माध्यम से किए जा रहे छह पदों के सिलेक्शन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। युवा कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए कुल 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं वहीं प्रदेश महासचिव पद के लिए 178 प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। चुनाव कार्य से संबद्ध पदाधिकारियों के अनुसार सदस्यता फीस 20 जून से 21 जुलाई को शाम पांच बजे तक स्वीकार की जाएगी। इसके पहले एमपी में युवा कांग्रेस के चुनावों के लिए नामांकनों की स्क्रूटनी के बाद उम्मीदवारों के नामों की लिस्ट जारी हो गई है। 20 जून से 19 जुलाई तक इसके लिए की जाने वाली वोटिंग प्रक्रिया में पहले दिन 36 हजार युवाओं ने युवा कांग्रेस की सदस्यता ली और फिर सभी छह पदों के लिए वोट डाले हैं। कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने कहा है कि 19 जुलाई तक चलने वाली वोटिंग में लाखों युवा कांग्रेस की मेंबरशिप लेकर युवा कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों के चयन में अपनी भूमिका निभाएंगे। कांग्रेस नेता त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश में 20 जून की सुबह 9 बजे से मतदान और सदस्यता प्रक्रिया शुरू हुई है। इसमें वोटिंग के लिए जो फार्मूला तय किया गया है उसके मुताबिक 50 रुपए की सदस्यता फीस जमा कर सदस्य बनने के बाद यूथ कांग्रेस के छह पदों के लिए वोटिंग की जा सकती है।

# टाइगर रिजर्व भर रहे सरकार का खजाना सैलानियों से हो रही जमकर कमाई

**विजय मत, भोपाल**

मप्र के टाइगर रिजर्व पूरे देश में फेमस हैं, बड़ी संख्या में यहां सैलानी जंगल सफारी करने पहुंचते हैं। वहीं एमपी के टाइगर सिर्फ टूरिस्ट के लिए दीदार का जरिया ही नहीं हैं, बल्कि मोहन यादव सरकार के लिए खजाना भरने का काम भी कर रहे हैं। वन्यजीवों के दीदार के लिए देश के साथ-साथ विदेशी करेंसी की भी बारिश हो रही है। जानते हैं किस तरह मोहन सरकार का खजाना भरने में मध्य प्रदेश के टाइगर विदेशी नोटों की बारिश करा रहे हैं। प्रदेश के टाइगर रिजर्व देश में टॉप पोजिशन हासिल कर रहे हैं। काजीरंगा के बाद एक दो नहीं बल्की एमपी के 5 टाइगर रिजर्व देश में सबसे पॉपुलर डेस्टिनेशन बन रहे हैं। यहां हर साल विदेशी सैलानी रॉयल बंगाल टाइगर समेत दुनिया की सबसे अनूठी प्रजाति के जानवर और तितलियों का संसार देखने आ रहे हैं। जिससे साल दर साल इनकी तादाद बढ़ रही है। मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व में बांधवगढ़ नंबर वन है, तो वहीं सबसे तेज ग्रोथ पेंच टाइगर रिजर्व की है। इसका फैलाव महाराष्ट्र तक है। जबकि कान्हा टाइगर रिजर्व अपनी विशेष इको सिस्टम के लिए जाना जाता है, वहीं पन्ना में सबसे ज्यादा टाइगर देखने को मिलते हैं। मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व में विदेशी पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है।



ब्रिटिश लेखक रुडयार्ड किपलिंग की मशहूर द जंगल बुक के किरदार मोगली का घर भी पेंच नेशनल पार्क में ही मौजूद है। सतपुड़ा के जंगल में पेंच टाइगर रिजर्व के अमोदागढ़ को मोगली का घर कहा जाता है। खास बात यह है कि मोगली की दोस्ती ब्लैक पैंथर से थी। जिसे बघीरा कहा जाता था। 2 सालों से पेंच टाइगर रिजर्व में काला तेंदुआ यानी बघीरा देखा जा रहा है। पेंच टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि पेंच पार्क में तितलियों की कई प्रजातियां पाई जाती हैं।

**विजय मत एंकर** नदी में बही ट्रैक्टर ट्रॉली-बाइक, 1 की मौत, तीन लापता, गुना में सबसे ज्यादा ढाई इंच बारिश

# मानसूनी बारिश ने मप्र तरबतर...नदी-नाले उफान पर, कई रास्ते बंद

**विजय मत, भोपाल**

मानसूनी बारिश ने पूरे मप्र को तरबतर कर दिया है। नदी-नाले उफान पर होने से कई रास्ते बंद हो गए हैं। गुना के फतेहगढ़ इलाके में शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे कोहन नदी को पार करते समय एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक बह गई। इस दौरान ट्रॉली और बाइक पर सवार चार लोग नदी में बहे, इनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि तीन अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

मृतक की पहचान गोलू (30) पुत्र रामविलास के रूप में हुई है। गोलू अपने साथी के साथ बाइक पर था। लापता लोगों में ट्रैक्टर पर सवार करन (22) और सागर (18) पुत्र हीरालाल सगे भाई हैं और फतेहगढ़ के रहने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। दोपहर करीब 12 बजे नदी से ट्रैक्टर ट्रॉली निकाल ली गई है। हालांकि, ट्रैक्टर पर बैठे दोनों भाइयों की तलाश अभी की जा रही है। एसडीईआरएफ की टीम नदी में दो किलोमीटर तक सर्चिंग कर रही है। गुना में पिछले 12 घंटे में करीब ढाई इंच बारिश दर्ज की गई है, जिससे नदी-नाले उफान पर है।



प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 30 से अधिक जिलों में बारिश हुई। इनमें सबसे ज्यादा गुना में ढाई इंच पानी गिर गया। शिवपुरी में 1.8 इंच, टीकमगढ़ में 1.7 इंच, धार-उमरिया में 1-1 इंच बारिश हुई। वहीं, मऊगंज, निवाड़ी, सीहोर, नर्मदापुरम, पन्ना, सीहोर, नरसिंहपुर, सिवनी, सागर, बालाघाट, मंडला, बैतूल, छिंदवाड़ा, सीधी, रायसेन, रीवा, दमोह, जबलपुर, सतना, छतरपुर, ग्वालियर, इंदौर में भी बारिश का दौर चला। भोपाल में हल्की बूंदा-बांदी हुई।

### श्योपुर में खिरखिरी नदी उफान पर

ग्वालियर में बारिश के कारण रोड धंस गई, जिससे एक तलघर ढह गया। आसपास के मकानों में दरारें आ गईं। श्योपुर में खिरखिरी नदी उफान पर आ गई, जिससे कई गांवों का संपर्क टूट गया। गुना में सबसे ज्यादा 2 इंच पानी गिरा। शिवपुरी में 1.8 इंच, टीकमगढ़ में डेढ़ इंच, नरसिंहपुर में पौन इंच बारिश दर्ज की गई। सागर, मंडला, छिंदवाड़ा, मालजखंड, बैतूल, पचमढ़ी में आधा इंच या इससे अधिक पानी गिरा। इसी तरह दमोह, ग्वालियर, जबलपुर, धार, नौगांव, सतना, सिवनी, मऊगंज, निवाड़ी, सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, पन्ना, श्योपुर समेत कई जिलों में बारिश का दौर चला।

**कई जिलों के तापमान में गिरावट...** आंधी-बारिश की वजह से कई शहरों में दिन के तापमान में खासी गिरावट हुई है। इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में दिन का तापमान 23.8 डिग्री पर आ गया। मलाजखंड, मंडला, गुना, सिवनी, सागर, छिंदवाड़ा, धार, टीकमगढ़, उमरिया, दमोह, बैतूल, नरसिंहपुर, रायसेन, नर्मदापुरम में पारा 30 डिग्री से कम ही रहा। सीधी में सबसे ज्यादा 33.4 डिग्री पारा रहा। प्रदेश के 5 बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 30.7 डिग्री, इंदौर में 28.6 डिग्री, ग्वालियर में 30.4 डिग्री, उज्जैन में 30.5 डिग्री और जबलपुर में पारा 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# ईरान-इज़रायली युद्ध और बेनकाब अंतरराष्ट्रीय राजनीति का असली चेहरा

अपूर्वानंद

इज़रायल ने फ़ौज और सरकार में ख़ामनेई के सारे करीबी लोगों की निशाना लगाकर हत्या कर दी है। अब वह धमकी दे रहा है कि वह ईरान के प्रमुख ख़ामनेई को भी निशाना बना सकता है। वह ईरान में सत्ता पलट की बात कर रहा है। नेतन्याहू ईरान की जनता का आह्वान कर रहा है कि वह अपनी सरकार को बेदख़ल कर दे। और ख़ुद को उसके उद्धारक के तौर पर पेश कर रहा है। यानी जो तबाही वह ईरान में मचा रहा है, उसके मुताबिक़ वह ईरान की भलाई के लिए है। वह यह सोच भी पा रहा है कि उसकी बमबारी से मारी जा रही और तबाह हो रही ईरानी जनता उसका अपने उद्धारक के रूप के स्वागत भी करेगी। अमेरिका अब तक अपने पट्ठे इज़रायल के साथ सीधे मैदान में नहीं दिख रहा। नेतन्याहू पहले दिन से ही अपने सरपरस्त को कह रहा है कि उसे मैदान में उतरना ही पड़ेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति को उकसाने के लिए वह खुलेआम कह रहा है कि ईरान ट्रंप का क़त्ल कर सकता है। नेतन्याहू टीवी पर कह रहा है कि ट्रंप ईरान का पहला निशाना हैं। इसका मतलब यह है कि अगर ट्रंप को ख़ुद को बचाना है तो उसे ईरान पर इज़रायली हमले में शामिल हो जाना चाहिए ।ऐसा इसलिए कि वह अकेले ईरान को हरा नहीं सकता।



इज़रायल यूरोप और अमेरिका को समझा रहा है कि वह दरअसल उन्हें बचाने के लिए ईरान पर हमला कर रहा है। और वे उसे सुन रहे हैं। इज़रायल में अमेरिका का राजदूत ट्रंप को एक लिजलिजा ख़त भेजता है। वह लिखता हैं कि ट्रंप को उसे खुदा ने कुछ ऐसे काम को अंजाम देने को भेजा है जो और कोई राष्ट्रपति नहीं कर सकता। वह कहता है कि 1945 के ट्रूमैन के बाद वह दूसरा राष्ट्रपति है जिसे ईश्वर ने अपना काम करने के लिए चुना है। सबको याद है कि 1945 में ट्रूमैन ने क्या किया था। वह था हिरोशिमा और नागासाकी पर अणुबम गिराना। राजदूत राष्ट्रपति को उकसा रहा है कि वह ईरान के साथ भी ट्रूमैन जैसा कुछ करे। और राष्ट्रपति इस ख़त को सार्वजनिक भी करता है। जब इज़रायल बिना किसी उकसावे के ईरान पर बमबारी कर रहा हो और पूरे इलाक़े में तबाही का मंजर हो, अमेरिका का राष्ट्रपति मज़े लेते हुए कह रहा है, कोई नहीं जानता मेरे मन में क्या है। ट्रंप एक हफ़्ता पहले जो कह रहा था, अब ठीक उसके उलट कह रहा है। हफ़्ता नहीं गुजरा, ट्रंप ने बतलाया था कि ईरान से वार्ता बहुत अच्छी ढंग से चल रही है। ईरान की तरफ़ से जो अमेरिका से वार्ता कर रहे थे, उन ईरानी अधिकारी को इज़रायल ने मार डाला और अमेरिका का राष्ट्रपति ताली बजा रहा है। कह रहा है- वह मारा गया। एक संप्रभु राष्ट्र को अमेरिका धमकी दे रहा है कि उसके राष्ट्र प्रमुख की वह हत्या कर सकता है लेकिन अभी नहीं करेगा। ईरान हथियार डाल दे, वरना! इज़रायल ईरान पर यह कहकर हमला करता है कि उसके वजूद के लिए वह ख़तरा है। एक मुल्क जिसके पास परमाणु बम हैं, एक पड़ोसी मुल्क पर हमला करता है कि वह परमाणु बम बनाने के क़रीब है। और दुनिया के वे सारे मुल्क, जो ख़ुद को सभ्यता का रक्षक कहते हैं, इज़रायल की तरफ़ से ईरान पर ज़ुबानी हमला करने लगते हैं। फ़्रांस, जर्मनी, इंग्लैंड सब चीखने लगते हैं कि ईरान ख़तरा है। जिसके पास परमाणु बम है, वह ख़ुद को असुरक्षित बतला कर पड़ोसी पर हमला कर रहा है। अगर परमाणु बम भी किसी को नहीं बचा सकता, तो उसके होने का फ़ायदा क्या है?

दुनिया के सबसे ताकतवर मुल्क कनाडा में इकट्ठा होते हैं। लेकिन यह जी7 मसखरेबाज़ों का अड्डा अधिक जान पड़ता है। ये मसखरेबाज़ हैं लेकिन ख़तरनाक हैं क्योंकि पूरी दुनिया की ताक़त इनके पास है। अमेरिका का राष्ट्रपति यह अड्डेबाज़ी बीच में छोड़ उठ जाता है यह कहकर कि वह कुछ बहुत बड़ा करने के लिए वाशिंगटन लौट रहा है। सारे लोग क़यास लगा रहे हैं, वह बड़ा क्या होगा! 'मेरे मन में क्या है, कोई नहीं बता सकता', वह सबको चिढ़ाता है। पत्रकार पूछते हैं, अभी 3 महीना पहले अमेरिका की ख़ुफ़िया विभाग की प्रमुख तुलसी गबर्ड ने बयान दिया था कि ईरान के पास बम बनाने की क्षमता नहीं है। फिर अभी अमेरिका उससे कैसे पलट सकता है। और राष्ट्रपति यह कहता है कि उसे रत्ती भर परवाह नहीं कि वह क्या बोली थी। उसके मन में अभी जो आएगा, वह करेगा। अमेरिका में लोग चीख रहे हैं कि युद्ध का फ़ैसला सिर्फ़ कांग्रेस या सीनेट कर सकती है लेकिन राष्ट्रपति के पास इन नियम क़ायदों के लिए वक्त नहीं है।

आप कनाडा के उस दृश्य को दुबारा देखिए- फ्रांस, इंग्लैंड, इटली, कनाडा, जापान, कनाडा, अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के प्रमुखों को देखिए। उनकी आपसी चुहलबाजी देखिए। ये सब अपने व्यापारिक स्वार्थों की रक्षा के लिए इकट्ठा हैं। और चाहते हैं कि दुनिया माने कि वे इंसानियत की भलाई के उपाय सोच रहे हैं। भविष्य में कोई जब इन तस्वीरों को देखेगा तो क्या अनुमान कर पाएगा कि यह उस वक्त का मंजर है जब इन मुल्कों का एक पिट्ठू दुनिया के एक हिस्से में तबाही मचा रहा था? जब ग़ज़ा में रोज़ाना वह पिट्ठू सैकड़ों फ़िलस्तीनियों का क़त्ल कर रहा था? दुनिया के ये 6 पश्चिमी देश पूरी दुनिया के भाग्य का निबटारा करने का दावा करते हैं। बाक़ी देश उनके साथ दावत के न्योते का इंतज़ार करते हैं, उनके साथ फोटो खिंचाने को धक्का मुक्की करते हैं। सबको वापस अपने मुल्कों में अपने मतदाताओं को फोटो दिखानी है! दुनिया में नेतृत्व की कमी है, हम अफ़सोस करते हैं। लेकिन हमें शायद ट्रंप का शुक्रगुजार होना चाहिए कि उसने यह बतला दिया है कि अंतरराष्ट्रीय संबंध जैसी कोई चीज़ नहीं। यह पृथ्वी के संसाधनों की सामूहिक लूट के लिए बाहुबलियों के आपसी समझौते का दूसरा नाम है। एक तरह से 20वीं सदी का पूर्वार्द्ध बीता नहीं है। जैसे तब ये मुल्क आपस में मध्यपूर्व का बांट बखरा कर रहे थे, आज फिर कर रहे हैं। उपनिवेशवाद जारी है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

"पूरी दुनिया की जनता एक अविश्वसनीय दृश्य देख रही है। या असली सच अब बिलकुल अनावृत हो कर सामने आ गया है। वह यह कि दुनिया में राजनय जैसी कोई चीज़ नहीं। जो है वह गुंडागर्दी या शस्त्रबल है। अंतरराष्ट्रीय नियम, क़ानून, क़ायदों का कौड़ी भर मोल नहीं है। अगर कुछ बलवान गुंडे, जिन्हें राष्ट्र के नाम से गौरवान्वित किया जाता है, साथ आ जाएं तो वे किसी को भी घेरकर मार डाल सकते हैं। यह भी एक नाक़ाबिले यक़ीन मंजर है कि दुनिया के सबसे ताकतवर माने जाने वाले मुल्क अमेरिका के प्रमुख को इज़रायल ने नकेल डाल रखी है और अपनी मर्ज़ी से वह उसे नचा रहा है। जैसा बहुत पहले से कई अमरीकी विशेषज्ञ कह रहे हैं कि अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय नीति अमेरिका नहीं, इज़रायल तय करता है। इज़रायल ने ईरान पर यकायक हमला बोल दिया है। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण ठिकानों पर हमला करने के साथ उसने ईरान के फ़ौज के अगुवा लोगों को निशाना बनाकर मार डाला है।"

# काम और ज़िंदगी के बीच संतुलन की खोज

**क्या कोई ज़्यादा काम करने से मरा है?** यह सवाल अकसर मज़ाक में पूछा जाता है, लेकिन आज की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी में यह गंभीर बहस का मुद्दा बन गया है। समाजशास्त्रियों का मानना है कि बेहतर वर्क-लाइफ बैलेंस के लिए सप्ताह में अधिकतम 40 घंटे काम करना ही उचित है। भारत में श्रम कानून मौजूद हैं, जो काम के घंटे तय करते हैं। लेकिन निजी और असंगठित क्षेत्रों में इन कानूनों का पालन अक्सर नहीं होता। ज्यादातर निजी कंपनियों में कर्मचारी सप्ताह में 48 घंटे या उससे अधिक समय तक काम करने को मजबूर हैं, जिससे उनके पारिवारिक और मानसिक जीवन पर असर पड़ता है। हाल ही में इन्फोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति ने देश के युवाओं से सप्ताह में 70 घंटे काम करने की बात कही, जबकि एलएंडटी के सीएमडी एस.एन. सुब्रह्मण्यन ने 90 घंटे तक काम करने की वकालत की। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि ज़्यादा घंटे काम करने से उत्पादकता नहीं बढ़ती, बल्कि इससे थकान, तनाव और निजी जीवन में असंतुलन पैदा होता है। पश्चिमी देशों में सप्ताह में 40 घंटे का कार्यकाल सामान्य है। वहां 'वर्क हार्ड, पार्टी हार्डर' की संस्कृति है, जिसमें पांच दिन काम और दो दिन विश्राम या मनोरंजन को महत्व दिया जाता है। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां कर्मचारियों को लचीले कामकाजी घंटे और छुट्टियों की सुविधा देती हैं, ताकि वे मानसिक रूप से स्वस्थ और उत्पादक बने रहें। मनोरंजन उद्योग की बात करें तो अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने हाल ही में एक फिल्म यह कहकर छोड़ दी कि वे रोज़ाना छह से आठ घंटे से ज़्यादा काम नहीं करना चाहतीं, ताकि अपने परिवार को समय दे सकें। इससे यह साफ होता है कि व्यक्तिगत समय की मांग अब केवल आम कर्मचारियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि सितारे भी संतुलन को प्राथमिकता देने लगे हैं। ज़रूरी है कि भारत में श्रम कानूनों को सख्ती से लागू किया जाए और कंपनियां परिणाम आधारित कार्य संस्कृति अपनाएं। अंततः काम ज़रूरी है, लेकिन ज़िंदगी उससे कहीं ज़्यादा अहम है। संतुलन ही सफलता और सुखी जीवन की असली कुंजी है।

नोट
सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं। अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# दिलों को ही नहीं, विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ता है संगीत



ललित गर्ग

"गीत हर इंसान के न सिर्फ शारीरिक, बल्कि भावात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। यह ईश्वर का मानव को अनमोल उपहार है। क्योंकि एक सुर, जो जोड़ता है दुनिया को बिना बोले, धुनों से रचता है मनुष्य मन की कहानी। संगीत न केवल शांति, सुकून एवं आनन्द का सशक्त माध्यम है बल्कि यह हमारी भावनाओं को जुबान देता है, यह तनाव कम करता एवं अनेक बीमारियों से मुक्ति भी देता है। संगीत सुनने से मानसिक शांति का अहसास होता है, संगीत दुनिया में हर मर्ज की दवा मानी जाती है। यह दुखी से दुखी इंसान को भी खुश कर देता है, संगीत का जादू एक मरते हुए इंसान को भी खुशी के लम्हे दे जाता है। अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने में संगीत सबसे असरदार माध्यम है। संगीत को दुनिया की सबसे आसान और बेहतरीन भाषा मानी जाती है। संगीत की इन्हीं विलक्षण एवं अद्भुत विशेषताओं के कारण ही 21 जून को पूरे विश्व में संगीत दिवस मनाया जाता है।"

ललित गर्ग

हर साल विश्व संगीत दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 की थीम है 'सद्भाव के माध्यम से उपचार', जो संगीत की एकजुटता और उत्थान की क्षमता पर जोर देता है। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य संगीत विशेषज्ञ व विश्व के संगीत कलाकारों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लाकर विश्व एकता, सद्भाव, सौहार्द तथा विश्व शान्ति का सन्देश सारी दुनिया को देना भी है। संगीत दिवस को 'फेटे डी ला म्यूजिक' के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ है 'संगीत उत्सव'। विश्व संगीत दिवस 110 देशों में ही मनाया जाता है जिनमें जर्मनी, इटली, मिस्र, सीरिया, मोरक्को, ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, कांगो, कैमरून, मॉरीशस, फिजी, कोलम्बिया, चिली, नेपाल, और जापान आदि हैं। विश्व में सदा ही शांति बरकरार रखने के लिए ही फ्रांस में पहली बार 21 जून 1982 में प्रथम विश्व संगीत दिवस मनाया गया था, जिसका श्रेय तात्कालिक सांस्कृतिक मंत्री श्री जैक लो को जाता है। इससे पूर्व अमेरिका के एक संगीतकार योएल कोहेन ने वर्ष 1976 में इस दिवस को मनाने की बात की थी। इस त्यौहार के अलग-अलग देशों में अलग-अलग नाम हैं, उदाहरण के लिए फ्रांस में 'ला फेते डे ला म्यूजिक', यूके में 'मेक म्यूजिक डे', इटली में 'फेस्टा डेला म्यूजिका' या पोलैंड में 'स्विएटो मुजिकी'। भारत में संगीत जीवन का अभिन्न हिस्सा है, शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं।



विश्व संगीत दिवस पर विशेष

बचपन में संपेरों द्वारा बीन बजाते ही लहराते हुए सांप का खेल भी हमने खूब देखा है। ये संगीत का जादुई प्रभाव ही है कि नवजात शिशु भी झुनझुने की आवाज सुन किलकारी भरने लगता है। श्रीकृष्ण की बांसुरी की मीठी ध्वनि को सुन गोपियों का आकर्षित हो खिंचे चले आना-ये सारे किस्से संगीत की ही महिमा का बखान करते हैं। विश्व संगीत दिवस पर सभी प्रकार के संगीत का जश्न मनाया जाता है, जिसमें फंक, जैज़, रॉक, शास्त्रीय, लोक, टेक्नो, ब्लूज़ आदि शामिल हैं। भारतीय संगीत प्राचीन काल से भारत मे सुना और विकसित होता संगीत है। शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत के आदि स्रोत भगवान शंकर हैं। उनके डमरू से तथा श्रीकृष्ण की बांसुरी से संगीत के सुर निकले हैं। किंवदन्ति है कि संगीत की रचना ब्रह्माजी ने की थी। ब्रह्माजी ने ज्ञान की देवी सरस्वती को संगीत की सीख दी। मां सरस्वती के कर-कमलों में वीणा की उपस्थिति संगीत की महानता की कहानी स्वयं ही कह जाती है। देवी सरस्वती ने नारदजी को, नारदजी ने महर्षि भरत को तथा महर्षि भरत ने नाट्यकला के माध्यम से जन सामान्य में संगीत को पहुंचाया। सूरदास की पदावली, तुलसीदास की चौपाई, मीरा के भजन, कबीर के दोहे, संत नामदेव की सिखानियाँ, संगीत सम्राट तानसेन, बैजु बाबरा, कवि रहीम, संत रैदास संगीत को सदैव जीवित रखेंगे। इस संगीत का प्रारंभ वैदिक काल से भी पूर्व का है। इस संगीत का मूल स्रोत वेदों को माना जाता है। पंडित शारंगदेव कृत 'संगीत रत्नाकर' ग्रंथ मे भारतीय संगीत की परिभाषा 'गीतम, वादयम् तथा नृत्यं त्रयम संगीतमुच्यते' कहा गया है। गायन, वाद्य वादन एवम् नृत्य; तीनों कलाओं का समावेश संगीत शब्द में माना गया है। तीनो स्वतंत्र कला होते हुए भी एक दूसरे की पूरक है। भारतीय संगीत के दो प्रकार प्रचलित है; प्रथम कर्नाटक संगीत, जो दक्षिण भारतीय राज्यों में प्रचलित है और दूसरा हिन्दुस्तानी संगीत शेष भारत में लोकप्रिय है। भारतवर्ष की सारी सभ्यताओं में संगीत का बड़ा महत्व रहा है। धार्मिक एवं सामाजिक परंपराओं में संगीत का प्रचलन प्राचीन काल से रहा है। इस रूप में, संगीत भारतीय संस्कृति की आत्मा मानी जाती है। वैदिक काल में आध्यात्मिक संगीत को मार्गी तथा लोक संगीत को 'देशी' कहा जाता था। कालांतर में यही शास्त्रीय और लोक संगीत के रूप में दिखता है। भारत में संगीत मुगल बादशाहों की छत्रछाया में और कर्नाटक संगीत दक्षिण के मन्दिरों में सर्वाधिक विकसित हुआ। इसी कारण दक्षिण भारतीय कृतियों में भक्ति रस अधिक मिलता है और हिन्दुस्तानी संगीत में श्रृंगार रस। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। संगीत मनोरंजन का जरिया ही नहीं, बल्कि यह देशों-दुनिया की संस्कृति को भी समझने में मदद करता है। खुशी हो या फिर गम, संगीत दिल को सुकून देता है। कहते हैं संगीत की कोई भाषा नहीं होती, यह सरहदों के पार होता है, दिल से निकलकर दिल तक पहुंचता है। संगीत को प्रेम की भाषा भी कहा जाता है। किसी के दिन की शुरूआत संगीत से होती है तो किसी की रात संगीत पर खत्म हो जाती है। संगीत दिल को खुशी देने का काम करता है। संगीत सिर्फ सात सुरों में बंधा नहीं होता। इसे बांधने के लिए विश्व की सीमाएं भी कम पड़ जाती हैं। अगर इसे महसूस करें तो दैनिक जीवन में संगीत ही संगीत भरा है-कोयल की कूक, पानी की कलकल, हवा की सरसराहट, मन्दिर की झंकार, हर जगह संगीत ही तो है, बस जरूरत है तो इसे महसूस करने की। किसी के लिए संगीत का मतलब अपने दिल को शांति देना है तो कोई अपनी खुशी का संगीत के द्वारा इजहार करता है। प्रेमियों के लिए तो संगीत किसी रामबाण या ब्रह्मास्त्र से कम नहीं। संगीत में मूड ठीक करने की अद्भुत ताकत होती है। अच्छा संगीत बेचैनी कम करता है। शोध कहते हैं कि घंटों काम कर रहे व्यक्ति का कुछ देर अच्छा संगीत सुनना उनकी रचनात्मकता व कार्यक्षमता को बढ़ा सकता है। संगीत को लेकर हुए अध्ययनों में पता चला है कि संगीत शरीर में बदलाव लाता है, जो स्वास्थ्य में सुधार एवं शांति स्थापित करता है। इसके अलावा जो मरीज अवसाद और निराशा के शिकार होते हैं, उन्हें इससे बाहर निकालने के लिए संगीत थेरेपी दी जाती है। संगीत मन और शरीर दोनों को ही आराम पहुंचाता है। संगीत अमूर्त कला है पर उसमें निहित शांति, सौन्दर्य एवं संतुलन की अनुभूति विरल है। संगीत, ध्वनि का ऐसा लयबद्ध व्यवहार है जो हमें अपने आपसे जोड़ने में सहायक सिद्ध होता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# भगवान राम के विचार से देश है आत्मनिर्भर

संजय गोस्वामी

**भगवान** राम के विचार से देश है आत्मनिर्भर है क्योंकि उन्होंने भारत के लोगों को जो संदेश दिया वही देश की शक्ति है और भारत माता के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है रामचरितमानस कोई कहानी की किताब नहीं है, अपने मानस में, मन में देखा गया राम चरित्र है। हमें भी मानस के पात्रों को व्यक्ति रूप में नहीं, अन्तःकरण की वृत्ति के रूप में देखना है।

ध्यान दें, तुलसीदास जी विनय पत्रिका में लिखते हैं-

**अपारे संसारे विषय विष पूरो जलनिधि**
**रचित मन दनुज मय रूप धारी**

माने विषय वासना के जल से भरा यह संसार ही सागर है। इस संसार-सागर में, आपका मन ही मय दानव है, इसी के द्वारा रचित यह आपका शरीर ही लंका है।

इस देह रूपी लंका का वास्तविक उत्तराधिकारी जीव रूपी विभीषण है। पर यह जीव रूपी विभीषण, मोह रूपी रावण, अहंकार रूपी कुम्भकरन, काम रूपी मेघनाद और वासना रूपी सूर्पनखा के वशीभूत है। जीव-विभीषण, भगवान का टूटा फूटा भजन तो करता है, पर अपनी आँखों से मोहादि के, सब प्रकार के अनाचार दुराचार पापाचार को देखता हुआ भी, मोह की सत्ता का विरोध नहीं करता। जब जीव के करोड़ों जन्मों का किया हुआ पुण्य, फल देने को खड़ा होता है, तब उसके जीवन में हनुमान रूपी संत आते हैं, तब ही जीव रूपी विभीषण को साहस होता है और वह मोहादि को चुनौती देता है। वह मोह रूपी रावण की लात तो खाता है, पर अन्ततः गिरता पड़ता भगवान की शरण में जाता है। भगवान अंतःकरण में अवतरित होकर, उतर कर, मोहादि का नाश कर देते हैं। और शान्ति रूपी सीता, जो मोह के कारण, हृदय रूपी अशोक वाटिका में बन्दी पड़ी थी, बंधन से मुक्त हो जाती है। यही असली दशहरा है। बाहर लाख रावण जलाओ, जब तक भीतर मोह की सत्ता है, जब तक भक्ति मोह वाटिका में बन्दी पड़ी है, तब तक आपके जीवन में चैन कहाँ? कि अब हमें भी इसी से सबक लेते हुये से मोह-रावण का नाश कर, ही सही मायने में भगवान राम की सच्ची आराधना होगी तभी जीवन में असली शांति और भगवान श्री राम के प्रति अपार श्रद्धा होगी। भगवान श्री राम एक शुद्ध विचार है जो मर्यादा के पालन की प्रेरणा देता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8405

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | | ■ | 7 | 8 |
| | ■ | 9 | | 10 | | ■ | ■ | |
| 11 | | | ■ | | ■ | 12 | | |
| ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | ■ | 19 | | 20 | | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

### बाएँ से दाएँ
1. रुद्र, शिव, भैरव-4
4. आर्युवेद के जनक-3
6. भीगा हुआ-2
7. ताला(अंग्रेजी-2)
9. शेविंग करना -4
11. योग्य, अनुरूप-3
12. अल्सर-3
13. ज्वालामुखी से निकला गर्म द्रव-2
14. नमाज पढ़ने से पहले हाथ- पांव धोना-2
15. नाप जोख करना-3
17. अनुमान लगाना-3
19. उदारता, बड़प्पन-4
21. गाथा, कहानी -2
23. जनकपुत्री-2
24. जिज्ञासा, उत्साह-3
25. राजा, सम्राट- 4

### ऊपर से नीचे
1. इच्छुक, अलमस्त-4
2. मात, पराजय-2
3. बोलने का तरीका-3
4. अचंभित-3
5. आर्ट, हुनर-2
8. गुनाह, अपराध-3
9. अटक-अटक कर बोलना-4
10. सरुर, खुमार, नशा, घमंड-2
12. नजाकत-4
15. अभिनेता, कप्तान-3
16. आनंद बोधक शब्द-2
18. सम्राट, राजा-4
19. व्यंग, परिहास-3
20. मुलायम-3
22. परात, बड़ी थाली-2
23. हलवा, एक मिष्ठान्न-2

### शब्द पहेली -8404 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ला | म | त | ■ | ल | ल | क |
| दा | दा | ■ | न | म | न | ■ | ■ | ल |
| म | चा | न | ■ | स | र | फ | रो | श |
| ■ | र | का | बी | ■ | क | ■ | ■ | या |
| आ | ■ | रा | ज | ■ | म | न | ■ | त्रा |
| ल | ■ | ■ | डा | ■ | य | म | ज | ■ |
| म | नो | मि | ल | न | ■ | न | ल | का |
| गी | ■ | ■ | ना | र | द | ■ | च | र |
| र | वा | ना | ■ | क | र | ता | र | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

22 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 07.04 बजे से |
| चंद्र | मेष में | सिंह | 09.20 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 11.32 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 13.43 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.58 ब.से |
| शुक्र | मेष में | धनु | 18.14 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 20.19 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 22.05 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 23.38 बजे से |
| | | मेष | 01.08 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | वृष | 02.49 बजे से |
| | | मिथुन | 04.47 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 173 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 01.23 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** भरणी 17.39 बजे को समाप्त। **योग** सुकर्मा 16.57 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 14.57 बजे तदनन्तर तैतिल 01.23 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 26'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872383
**जूलियन दिन** 2460848.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 25
**विशेष** गौण योगिनी एकादशी, वैष्णव योगिनी एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूज इन शॉर्ट



### नागरिकों व नगर/ग्राम रक्षा समिति सदस्यों को दी पीड़ित प्रतिकर योजना की जानकारी

अनूपपुर। चचाई थाना पुलिस द्वारा शुक्रवार को नवीन अपराधिक कानून के संबंध में थाना क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों व नगर रक्षा/ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को नवीन अपराधिक अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह मरावी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा लोगों को पीड़ित प्रतिकर योजना के सम्बंध में लोगों में जागरूकता लाने अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी के मार्ग दर्शन में योजना की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित प्रतिकर योजना नवीन आपराधिक न्याय प्रणाली में पीड़ितों को अधिक महत्व देने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए प्रावधान हैं। इसका मतलब है कि न्याय प्रक्रिया में पीड़ितों की भूमिका को सक्रिय रूप से मान्यता दी जाती है। और उन्हें न्याय प्राप्त करने में मदद करने के लिए विशेष प्रावधान किए जाते हैं। प्रावधान यह है कि अगर कोई ड्राइवर किसी को टक्कर मारता है, लेकिन पुलिस को सूचित करता है, तो कोई सख्त सजा नहीं होगी। अगर ड्राइवर गलती से हुई दुर्घटना के बारे में अधिकारियों को सूचित करता है, तो उसकी जिम्मेदारी खत्म हो जाती है। इसके अलावा जागरूकता अभियान में बताया गया कि महिलाओं ,बच्चों एवं पीड़ितों तथा साक्षियों को प्रकरण के संबंध में समय-समय पर अवगत कराया जाएगा और उनकी न्यायालय में गवाही के समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा, जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके एवं आरोपियों को सजा हो सके।



### होटल-ढाबा संचालकों की बैठक, रात 11 बजे तक संचालन बंद करने के निर्देश

कोतमा। राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल के हालिया निर्देशों के तहत कोतमा थाना क्षेत्र में संचालित सभी होटल और ढाबा संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य और थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नांबर शुक्ल उपस्थित रहे।
बैठक में होटल-ढाबा संचालकों को रात्रि 11 बजे तक होटल/ढ़ाबा बंद करने के निर्देश दिए गए, ताकि लोक व्यवस्था और शांति बनी रहे। इसके अलावा सभी संचालकों को स्पष्ट हिदायत दी गई कि किसी भी होटल या ढाबे में अवैध रूप से शराब न परोसी जाए, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
बैठक में द रॉयल ढाबा, मां की रसोई, न्यू बंजारा होटल, यादव ढाबा, शुक्ला ढाबा, बंबई दरबार, गुरु कृपा ढाबा, सलीम ढाबा और हाईवे किंग ढाबा सहित क्षेत्र के प्रमुख होटल-ढ़ाबा संचालक उपस्थित रहे। सभी संचालकों ने निर्देशों का पालन करने की सहमति जताई। पुलिस प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### चोरी होने पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द मामला कायम

उमरिया। पाली थाना अंतर्गत ग्राम मलियागुडा में अज्ञात व्यक्ति व्दारा चोरी की घटना को अंजाम देने पर पुलिस ने उसके खिलाफ मामला कायम कर लिया है। जानकारी अनुसार राजेश कुमार प्रजापति पिता पोषण लाल प्रजापति उम्र 35 साल ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि अज्ञात व्यक्ति व्दारा सोने चांदी के जेवरात , नगदी पार कर दिए गए है जिसकी कीमत 4 लाख रूपये है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# सड़कों पर ब्लैक फिल्म और हूटर वाली वाहनों की भरमार, अवैध गतिविधियों में वाहनों का उपयोग

## राजनीतिक रसूख के साथ वर्दी की आड़, कोतमा घटना के बाद अब कार्रवाई में उतरी पुलिस, उतार रही ब्लैक फिल्म की परत

**विजय मत, अनूपपुर**

जिले में पूर्व की भांति फिर से सडक़ों पर लग्जरी वाहनों के शीशों पर ब्लैक फिल्म और सोल्डर पर हूटर का क्रेज बढ़ गया है। वहीं बाइकों में मॉडीफाई साइलेंसर युक्त बाइक नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र में आसानी से देखा जा सकता है। ब्लैक फिल्म और हूटर लगी अधिकांश वाहनें अवैध कारोबार से जुड़े कारोबारियों के अलावा राजनीतिक रसूख रखने वाले छुटभैय्ये नेताओं, उनके कारिंदें, के साथ पुलिस की वर्दी वाले कुछ छोटे अधिकारी के निजी वाहन हैं, जो काली फिल्म और हूटर लगी वाहनों का बेजा इस्तेमाल कर पुलिस और स्थानीय नागरिकों को अपनी 'वजूदगी' का अहसास करा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इन वाहनों की आड़ में गांजा, पशु तस्करी, रेत माफियागिरी, और प्रतिबंधित दवाईयों के साथ आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। बात जिला मुख्यालय अनूपपुर की करें तो यहां लगभग सैकड़ों की तादाद में काली फिल्म लगी वाहनों के साथ कुछ हूटर वाली वाहन मिल जाएंगे। विभागीय जानकारी के अनुसार जिले में कार-जीप की लगभग 6500-7000 रजिस्टर्ड वाहनें हैं। सुप्रीम कोर्ट और मोटर व्हीकल्स एक्ट के तहत ऐसे संसाधनों के उपयोग पर पाबंदी लगाते हुए जुर्माना और सजा भी निर्धारित किया है। जिसमें नियम कहते हैं कि वाहनों के शीशे में काली फिल्म लगाना अपराध है, हूटर गैर कानूनी है। बावजूद पुलिस ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने से परहेज क्यों अपना रखी है? जबकि पुलिस कप्तान मोती उर



रहमान ने पूर्व में ही ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के सख्त निर्देश सभी पुलिस अधिकारियों को दिए थे।

### कोतमा में नहीं घटती शराब वाली घटना, तो नहीं आरंभ होता कार्रवाई

14 जून की रात कोतमा में शराब माफिया के गुर्गो द्वारा शुक्ला ढ़ाबा के पास किसी बात को लेकर स्थानीय व्यापारियों से हुए विवाद के उपरांत शीशे पर काली फिल्म चढ़ी और फ्लैश लाइट वाली वाहन से लोगों को कुचलने का प्रयास किया। इस दौराना ढाबा खाना खाने आ रहे 23 वर्षीय अमन नामदेव उसकी चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके विरोध में नगरवासियों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ वाहन जब्ती की पुलिस से अपील की। वाहन जब्ती के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। लेकिन जिले से प्रदेश स्तर तक अखबार की सुर्खियों में गुर्गो के मनोबल पर पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली पर जताई गई आपत्ति ने पुलिस को कार्रवाई पर विवश कर दिया। पिछले दो दिनों के दौरान चचाई पुलिस द्वारा 4 वाहनें से फिल्म उतारने के साथ 5 वाहन बिना नम्बर वाले पकड़े। वहीं जिला यातायात पुलिस ने मुख्यालय में अनाधिकृत रूप से लगाए गए कई वाहनों से ब्लैक फिल्म उतारी है।

### क्या है ब्लैक फिल्म और हूटर लगाने का नियम

भारतीय सडक़ों पर इसको लेकर काफी कड़ा कानून है। कार की शीशों पर ब्लैक फिल्म लगवाने को लेकर भारतीय सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश दिया था कि कार के सामने और पीछे के शीशों के आर-पार दिखने की विजिबिलिटी का कम से कम 70 फीसदी होना चाहिए और साइड के शीशों की विजिबिलिटी कम से कम 50 प्रतिशत तक होनी चाहिए। जबकि हूटर से काफी तेज स्तर पर आवाज निकलती है और ऐसे में सामान्य तौर पर उसका इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। केंद्रीय मोटर यान नियम 1989 के तहत इस तरह का कोई भी हार्न किसी वाहन में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता सिवाय पुलिस और परिवहन विभाग के। अगर कोई इन नियमों के खिलाफ अपने वाहन पर हूटर लगाता है तो उस पर 5000 रुपए तक का चालान किया जा सकता है।

# स्थानांतरण में गड़बड़झाला करने वाले तीन कर्मचारी निलंबित

## सहायक आयुक्त को कारण बताओं नोटिस जारी

**विजय मत, सीधी**

कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर स्थानांतरण नीति 2025 के निर्देशों का उल्लंघन करने पर आदिम जाति कल्याण विभाग के तीन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। साथ ही सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर उमाशंकर दुबे लेखपाल, शिवेंद्र सिंह सहायक ग्रेड 2 एवं विनोद पाठक सहायक ग्रेड 3 आदिम जाति कल्याण विभाग को विभाग प्रमुख को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए नियम एवं निर्देशों को संज्ञान में नहीं लाते हुए स्थानांतरण नास्तियां प्रस्तुत कर स्थानांतरण आदेश जारी किए जाने का दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि जनप्रतिनिधियों तथा कर्मचारियों द्वारा की गई शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत /अपर कलेक्टर को जांच सौंपी गई थी। अपर कलेक्टर द्वारा स्थानांतरण हेतु प्रस्तुत नस्तियों तथा दस्तावेजों का अवलोकन कर विस्तृत जांच की गई जिसमें गंभीर अनियमितताएं पाई गईं हैं। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए विभागीय जांच के निर्देश दिए गए हैं।

### इनके स्थानांतरण पर लगें थे आरोप

आदिवासी विकास विभाग सीधी द्वारा मनमानी ट्रांसफर को लेकर यह सुर्खियां बनी हुई थी। जिसमें उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लुरघुटी से शिक्षक अरुण कुमार सिंह का स्थानांतरण आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर सीधी में आदेश क्रमांक 792, दिनांक 9 जून 2025 के द्वारा किया गया है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि बिना शासन के निर्देश के उक्त संस्था में स्थानांतरण करना नियम विरुद्ध है। इसी तरह आदिवासी बालक छात्रावास बकवा से प्राथमिक शिक्षक पंकज सिंह का स्थानांतरण अधीक्षक अनुसूचित जन जाति सीनियर बालक छात्रावास क्रमांक 1 सीधी के लिए किया गया। यह स्थानांतरण राकेश रावत को हटाकर किया गया है। वहीं संकुल केंद्र उमरिया के माध्यमिक शाला से माध्यमिक शिक्षक संदीप कुमार सिंह चौहान का स्थानांतरण आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास अमरपुर के अधीक्षक पद पर किया गया है। यह मामला इसलिए गंभीर है क्योंकि स्थानांतरित शिक्षक परिवीक्ष अवधि में हैं। इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिनगवाह की माध्यमिक शिक्षक मधुकला पटेल का स्थानांतरण आदिवासी बालक आश्रम कोचिला के लिए किया गया है। बताया गया है कि अभी एक वर्ष पहले कोचिला अधीक्षिका से हटाकर उन्हें चिनगवाह स्थानांतरित किया गया था। कोचिला में अधीक्षिका के पद पर रहते हुए लगभग 8 से 10 लाख के गबन के आरोप में उन्हें हाटाया गया। श्रीमती पटेल को उच्च न्यायालय जबलपुर से भी फटकार मिली थी कि आप शिक्षकीय कार्य करें।

# रेत चोरी के दौरान विभाग का छापा, अधिकारियों के सामने माफिया भगा ले गए वाहन

**विजय मत, अनूपपुर**

जिले में रेत के अवैध कारोबार खिलाफ मौके पर विभाग की कार्रवाई और अवैध कारगुजारी करने वाले द्वारा अधिकारियों व पुलिस को धमकाना, वाहन चढ़ाना उनके लिए अब आम बात हो चली है। जिसके कारण अधिकारी अब रात या दुरूस्थ क्षेत्रों में कार्रवाई करने से परहेज कर रहे हैं। इस प्रकार की घटना जिले में कई बार सामने आ चुकी है। नया मामला चचाई थाना क्षेत्र से सामने आई है, जहां रेत के अवैध परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई के दौरान अवैध कारोबारियों ने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए अधिकारियों के सामने से वाहन को लेकर भाग निकले। जिसके बाद खनिज विभाग अधिकारी ने थाना की शरण लेते हुए सम्बंधितों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। चचाई थाना ने शिकायत दर्ज करते हुए अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि इनमें दो मुख्य आरोपी फरार चल रहे हैं। थाना प्रभारी सुंद्रेश ङ्क्षसह मरावी ने बताया कि 13 जून को खनिज निरीक्षक ईशा वर्मा खनिज कार्यालय अनूपपुर के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी।

### खनिज विभाग के सामने से ले भागे वाहन

शिकायत के अनुसार 11 जून की रात्रि को अवैध रेत परिवहन सोन नदी केल्हौरी गांव से होने की सूचना पर मौके से स्टाफ के साथ छापामार कार्रवाई की गई। ट्रैक्टर क्रमांक एमपी18एबी 2965 में रेत परिवहन करते पाए जाने पर ट्रैक्टर के चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम तीरथ बैगा पिता देवी दीन बैगा निवासी बम्हौरी जिला शहडोल का होना बताया तथा उक्त ट्रैक्टर मालिक चंद्रिका यादव निवासी केल्हौरी के ट्रैक्टर में सोन नदी से पित्तू यादव के कहने पर रेत परिवहन करना और कोई दस्तावेज नहीं होना बताया गया। जिस पर ट्रैक्टर को मौके से जब्त कर पंचनामा की कार्रवाई कर चालक के माध्यम से ट्रैक्टर लाया जा रहा था। इसी दौरान मौके से पित्तू यादव, अखिलेश सोनी, नीरज चौरसिया, महेंद्र यादव सभी निवासी केल्हौरी के द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए ट्रैक्टर को लेकर भाग दिए। रिपोर्ट पर ट्रैक्टर चालक तीरथ बैगा ,पित्तू यादव,अखिलेश सोनी, नीरज चौरसिया एवं महेंद्र यादव के खिलाफ धारा 303(2) 132, 221, 3/5 बीएनएस एवं खान खनिज अधिनियम 4/21 कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में आरोपी 31 वर्षीय नीरज चौरसिया पिता हजारीलाल चौरसिया, 32 वर्षीय महेंद्र यादव पिता सूर्यदीन यादव एवं 30 वर्षीय अखिलेश सोनी पिता संतोष सोनी तीनों निवासी केल्हौरी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। जबकि मामले के मुख्य आरोपी पित्तू यादव एवं ट्रैक्टर चालक तीरथ बैगा अभी भी फरार हैं। जिनकी पता तलाश कर जल्द ही गिरफ्तार कर मामले में ट्रैक्टर जब्त किया जाएगा।

# रविवार बंदी के समर्थन में उतरे सभी व्यापारी

**विजय मत, सीधी**

बीते शुक्रवार की शाम व्यापारी संघ सीधी द्वारा एक बार पुनः एक वृहद बैठक गंगोत्री रिजॉर्ट डैनिहा में सभी तरह के व्यापार करने वाले व्यापारियों की बुलाई गई।
जिसमें सभी व्यापारियों से सप्ताह में एक दिवस बंदी के संबंध में विस्तृत चर्चा एवं पूर्व की बंदी की समीक्षा के लिए सभी व्यापारियों से विचार लिए गए और सुझावों को गंभीरता से सुना गया।
ज्यादातर व्यापारियों ने बंदी के पक्ष में सहमति और इसे आगे निरंतर चलाने पर समर्थन दिया गया तथा कुछ व्यापारियों ने शनिवार पर विचार करने व सीजन को लेकर अपने विचार जाहिर किये। सप्ताह में रविवार के बंदी पर जब सभी व्यापारियों से सहमति मांगी गई तो उसमें सिर्फ एक व्यापारी को छोड़कर



सभी व्यापारियों ने अपनी सहमति जताई।
व्यापारी संघ के अध्यक्ष लालचंद गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह बंदी का प्रस्ताव मेरा व्यक्तिगत नहीं बहुत समय से व्यापारियों द्वारा यह मांग की जा रही थी कि व्यापारी संघ आगे आकर इसको प्रभावी बनाएं, और आम सभा की बैठक बुलाकर विधिवत प्रस्ताव लिया गया और उस पर चर्चा करके सर्वसम्मति से ये बंदी की गयी। व्यापारी अपनी स्वेच्छा से रविवार अवकाश लेकर अपना समय अपने लिए और अपने घर- परिवार, समाज और अन्य कार्यों के लिए निकाले, व्यापार करने के साथ-साथ जीवन जीना भी बेहद जरूरी है क्योंकि यह मनुष्य जीवन दुबारा नहीं मिलेगा।
**बैठक में इनकी रही प्रमुख उपस्थिति** -व्यापारी संघ के संरक्षक सदस्य कन्हैया सिंह, मार्गदर्शक सदस्य लक्ष्मण सिंह बघेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिहर सोनी, महामंत्री भीम कामदार, उपाध्यक्ष विवेक सिंह चौहान, संतोष सिंह गहरवार, स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष हल्के सोनी, सह सचिव पुष्पराज मिश्रा, कोषाध्यक्ष रोशन लाल केशरवानी, युवा व्यापारी संघ के अध्यक्ष सनी मोटवानी, कार्यकारी अध्यक्ष रत्नीश सोनी, महामंत्री अमित गुप्ता एवं सैकड़ो वरिष्ठ कनिष्ठ व्यापारी साथीगण शामिल हुए।

### भीषड़ सड़क हादसे एक की मौत दो घायल,बड़ेरी के समीप दो बाइक आमने सामने टकराने से हुआ हादसा



उमरिया।जिला मुख्यालय से होकर ताला मानपुर जाने वाले स्टेट हाइवे में शुक्रवार की देर शाम एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई इसके अलावा दो अन्य घायल हैं,108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल लाया गया है जहां उनका इलाज किया जा रहा है,घटना ग्राम बड़ेरी के समीप की है,जहां ग्राम कोडार निवासी बच्चा यादव पिता बाबूलाल उम्र 25 वर्ष अपनी बाइक में मोहित यादव पिता मनोज यादव उम्र 18 वर्ष निवासी निवासी गढ़पुरी के साथ आ रहा था वहीं दूसरी ओर से कमलेश सिंह पिता कमलभान सिंह उम्र 29 वर्ष अकेले बाइक में तेज गति से आ रहा था। दोनों बाइक आमने सामने टकराई है जिसमे बच्चा यादव की मौत जिला अस्पताल पहुंचने के बाद हुई है,घटना की जानकारी के बाद थाना कोतवाली पुलिस घटना स्थल पहुंची है और घटना के कारणों की जांच शुरू की गई है,वहीं घायलों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

**योगाभ्यास**

## 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अनूपपुर में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

# निरोगी काया के लिए जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिकों ने विभिन्न मुद्राओं में किया योग



**विजय मत, अनूपपुर**

जिला मुख्यालय अनूपपुर के एक्सीलेंस स्कूल परिसर में 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासकीय अधिकारी व नगरवासी शामिल हुए। योग प्रशिक्षक नयन मिश्रा ने विभिन्न मुद्राओं में योगाभ्यास कराया गया तथा योग विधा के संबंध में जानकारी दी। इस मौके पर मप्र कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार)दिलीप जायसवाल ने कहा कि मानव के जीवन का प्राथमिक सुख निरोगी काया है।
योग की शक्ति को पहचाने, जाने और अपने जीवन शैली में अपनाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष प्रयास और संयुक्त राष्ट्र संघ की पहल पर वर्ष 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रति वर्ष 21 जून को मनाया जाने लगा है। तब से हमारी प्राचीन विधा योग को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग के माध्यम से इसके व्यापक प्रचार-प्रसार का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि स्वास्थ्य के लिए योग का महत्वपूर्ण स्थान है, योग जीवन के सभी पहलुओं के बीच संतुलन स्थापित करने के साथ स्वास्थ्य और कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को प्रतिदिन अपने दिनचर्या में शामिल करने अपील की।

### अमरकंटक में भी आयोजित हुआ योग कार्यक्रम

कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल अमरकंटक में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि शरीर एक मंदिर है और योग प्रतिदिन की प्रार्थना। योग विद्या ही नहीं विज्ञान है। यह एकाग्रता लाने में सहायक है। मन की ताकत को बढ़ाता है। योग शरीर, मन, आत्मा को जोड़ने का विधान है। हम सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए।
इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उदबोधन का सीधा प्रसारण वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम स्थल पर किया गया। मंत्री दिलीप जायसवाल ने जन्म से मृत्यु तक शासन का साथ देने की कामना से 4 स्वर्ण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### नागरिकों ने विभिन्न मुद्राओं में किया योग

इस दौरान ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, कटिचक्रासन, दंडासन, वज्रासन, तितली आसन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तानमंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, सेतुबंध आसन, उत्तानपादासन, पवनमुक्तासन और शवासन की मुद्राएं कराए गए। आसनों के बाद कपालभाति, नाड़ीशोधन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी सहित प्राणायाम किए गए।

### भारतीय स्टेट बैंक द्वारा रक्तदान शिविर संपन्न

उमरिया। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जिला अस्पताल उमरिया मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ शहर के समाजसेवियों ने भी सहयोग प्रदान किया. दुर्घटना की स्थिति में मानव जीवन को बचाने के लिए मानव रक्त अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। भारतीय स्टेट बैंक सदा ही समाज के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी निभाने में अग्रणी रहा है एवं रक्तदान शिविर इसी दिशा में एक और प्रयास है। इस अवसर पर 35 लोगो ने रक्तदान किया. इस अवसर पर उमरिया शाखा के मुख्य प्रबन्धक निशांत बाजपेयी, मार्केट एरिया शाखा प्रबन्धक मनीष शुक्ला एवं भारतीय स्टेट बैंक के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे तथा जिला अस्पताल से डॉक्टर मुकुल तिवारी, डॉक्टर के.सी. सोनी एवं डॉक्टर संदीप सिंह का अमूल्य सहयोग मिला।

### जिला जेल उमरिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में योग कार्यक्रम संपन्न

उमरिया। जेलर / उप जेल अधीक्षक , माखन सिंह मार्को ने बताया कि 21 जून को मध्यप्रदेश शासन के आदेश के परिपालन में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उप जेल अधीक्षक , माखन सिंह मार्को द्वारा बंदियों को जेल से रिहा होकर पुनः अपराध नहीं करने का संकल्प दिलाकर अच्छा नागरिक बनकर जीवन जीने की प्रेरणा दी गयी , एवं जीवन में सदैव योग करके निरोगी बन्ने की शपथ दिलाई गयी द्य बंदीगण प्रसन्नचित रहे । इस अवसर पर जिला विधिक अधिकारी बी. एल. दीक्षित द्वारा बंदियों को प्रशासन के नियमों का पालन करते हुए एक अच्छे जीवन जीने की प्रेरणा दी गयी । बंदियों को अनुशासन में रखकर जेल में ड्यूटीरत मुख्य प्रहरी एवं जेल के अधिकारी / कर्मचारी की उपस्थिति में कार्यक्रम कराया गया ।

## न्यूज इन शॉर्ट



### गहोई वैश्य समाज के नए मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह आज

शहडोल। अखिल भारतीय गहोई वैश्य समाज शहडोल अपनी सामाजिक जागरूकता गतिविधियों में हमेशा अग्रणी रहा है। यह समाज न केवल अपने आंतरिक उत्थान के लिए प्रयासरत रहता है, बल्कि बड़े पैमाने पर सामुदायिक कल्याण और जनहित के कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाता है।
गहोई समाज विभिन्न अवसरों पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता अभियान चलाता रहता है। समाज के सदस्यों द्वारा आयोजित किए जाने वाले रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम और स्वच्छता अभियान इसकी सक्रियता के प्रमाण हैं। इसके अतिरिक्त, बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की सहायता के लिए भी गहोई समाज निरंतर प्रयासरत रहता है। गहोई समाज के नवगठित मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह आज (रविवार) शाम 4:30 बजे स्थानीय शुभम पैलेस में आयोजित किया गया है। इस समारोह में समाज के नवनियुक्त पदाधिकारी अपने पदों की शपथ लेंगे। यह आयोजन गहोई समाज के संगठनात्मक ढांचे को मजबूती प्रदान करने और नई कार्यकारिणी को औपचारिक रूप से कार्यभार संभालने का अवसर देगा। समाज के सभी गणमान्य व्यक्तियों और सदस्यों से एवं जिले के पत्रकारों से इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### नि:शुल्क कैंप का किया गया आयोजन

शहडोल। जिला अस्पताल परिसर अंतर्गत जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र में कटे होंठ एवं फटे तालू का नि:शुल्क कैंप आयोजन किया गया। जिसमें शहडोल जिले के जन्मजात विकृति कटे होंठ एवं फटे तालू से ग्रसित 12 बच्चे उपस्थित हुए जिनमें से 6 बच्चों का इलाज जबलपुर से आए दुबे डेंटल सर्जिकल हॉस्पिटल के डॉक्टर द्वारा जांच में सिलेक्ट कर उन्हें नि:शुल्क वाहन के द्वारा ले जाया गया बाकी 6 बच्चों में से 3 बच्चों को अगले महीने की तारीख दी गई एवं शेष 3 बच्चों का वजन कम होने की वजह से उनको एन आर सी में एडमिट होने एवं वजन बढ़ाने के बारे में जानकारी दी गई एवं कैंप में जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री मनोज द्विवेदी जी की उपस्थिति में सारे बच्चों को जबलपुर में इलाज के लिए रवाना किया गया।

### सिकल सेल एनीमिया की जांच

शहडोल। जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 30 जून तक शहडोल जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये जा रहे है। धरबी आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 जून से 17 जून 2025 तक की स्थिति में सिकल सेल उन्मूलन के लिए 1587 लोगों का सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई है।

### यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री राम जी श्रीवास्तव ने जिला मुख्यालय के प्रमुख चौराहों एवं भीड़.भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने यातायात एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बगिया तिराहा, बुढार चौक, गांधी चौक, चौपाटी अन्य स्थानों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगरपालिका अक्षत बुंदेला, उप पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश दीक्षित सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर खिलाड़ियों एवं योग गुरूओं ने भी सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया








**विजय मत, शहडोल**

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विधायक जयसिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय ष्योग संगमष् सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम जिला मुख्यालय के बैडमिंटन इन डोर हाल में आयोजित किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी ने कहा कि स्वस्थ जीवन, शांत मन एवं निरोगी शरीर के लिए योग को अपने दिनचर्या में शामिल करे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष पहल की और उनके सद्प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ की पहल पर वर्ष 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रति वर्ष 21 जून को मनाया जाने लगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के लिए योग का महत्वपूर्ण स्थान है योग जीवन के सभी पहलुओं के बीच संतुलन स्थापित करने के साथ स्वास्थ्य और कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि मानव के जीवन का प्राथमिक सुख निरोगी काया है निरोगी काया तथा स्वस्थ बुद्धि के लिए सुबह उठकर व्यायाम एवं योग आवश्यक है। योग स्वस्थ जीवन का आधार है शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक सुख, आध्यात्मिक प्रगति के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग की शक्ति को पहचाने, जाने और अपने जीवन शैली में अपनाए।
कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम स्थल पर किया गया।इस अवसर पर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, डीआईजी सुश्री सविता सुहाने, कलेक्टर डॉ.केदार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह धुर्वे, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह,समाजसेवी श्रीमती अमिता चपरा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों व योग गुरुओं ने सामूहिक योगाभ्यास किया।

### ग्राम सेमरा में मनाया गया 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

केन्द्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय शहडोल द्वारा जिले के विकासखण्ड गोहपारू अन्तर्गत ग्राम सेमरा में 21 जून 2025 को ''11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'' के अवसर पर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग थीम पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच फूल सिंह, ब्लॉक संसाधन केंद्र प्रमुख विजय प्रताप सिंह, शासकीय माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक विनय तिवारी, वरिष्ठ समाज सेवक एवं कार्यक्रम निर्णायक संतोष कुमार मौर्य, योग शिक्षक मनीष कुमार सोनी जिला समन्वयक महाकौशल वनांचल शिक्षा सेवा न्यास योग शिक्षक, राजीव सिंह संस्कार केंद्र ग्राम अमझोर, पंकज सिंह पंकज सिंह संस्कार केंद्र ग्राम सेमरा, वरिष्ठ समाज सेवी शंभू सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच द्वारा उद्बोधन में बताया कि शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होने हेतु सभी व्यक्ति को योग के आसन नियमित रूप से करना आवश्यक है, सूर्य नमस्कार के माध्यम से एकसाथ 12 आसन किये जा सकते है एवं अन्य वृक्षासन, पर्वतासन, भुजंग आसन, स्वास क्रिया, कपाल भारती, पद्मासन एवं अन्य आसनों से भी शारीरिक लाभ होता है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणो के मध्य रंगोली, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कुर्सी दौड़, उत्कृष्ट योग प्रतियोगित आदि आयोजित की गई एवं प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मंचस्थ अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पूर्व में मंचस्थ अतिथियों एवं महाकौशन वानांचल शिक्षा सेवा न्यास द्वारा पौधारोपण किया गया। प्रभारी प्रचार अधिकारी एच.के. मारकवाड़े द्वारा योग के संबंध में विधिवत जानकारी प्रदान की गई।

# जिला कांग्रेसअध्यक्ष के तीन दर्जन दावेदार

## पर्यवेक्षकों की रायसुमारी पूरी, 6 नामों की सूची के साथ रिपोर्ट 30 जून तक दिल्ली जाएगी













**विजय मत, शहडोल**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत जिले भर में भ्रमण व बैठके करके जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन हेतु रायसुमारी का काम पूरा कर लिया गया है। लगभग तीन दर्जन दावेदारों द्वारा प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष पद के लिए अपनी-अपनी दावेदारी पर्यवेक्षकों के समक्ष एक निर्धारित प्रोफार्मा में प्रस्तुत की गई है।

**इन दावेदारों के नामों की चर्चा** -पार्टी के सूत्रों के मुताबिक शहडोल जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए जिन दावेदारों के नामों की चर्चा में है उनमें मप्र कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव प्रदीप सिंह एडवोकेट, जिला कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष बलमीत सिंह खनूजा (चिंटू), पूर्वअध्यक्ष आजाद बहादुर सिंह, वर्तमान अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, प्रदेश सचिव अजय अवस्थी एवं युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र तिवारी शामिल हैं।

**छः नामों का पैनल भेजा जाएगा एआईसीसी** -अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की उच्च स्तरीय कमेटी द्वारा पर्यवेक्षक के रूप में विवेक बंसल को दिल्ली से भेजा गया है जो 11 जून से लगातार पूरे जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर रायसुमारी कर रहे हैं। आज 20 जून को शहडोल जिला मुख्यालय के कांग्रेस भवन में उन्होंने रायशुमारी की। श्री बंसल के सहयोग के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व राज्य सभा सांसद राजमणि पटेल, पूर्व विधायक जिला सतना कल्पना वर्मा एवं मंडला जिले के बिछिया विधानसभा के विधायक नारायण पट्टा (शहडोल जिला प्रभारी) को भेजा गया है।

बताया गया है कि रायशुमारी के बाद केन्द्रीय पर्यवेक्षक श्री बंसल छः नामों का पैनल बनाकर जिला अध्यक्ष के दावेदारों की सूची दिल्ली लेकर जाएंगे। जिसमे सामान्य वर्ग से दो नाम, आदिवासी वर्ग से एक नाम, हरिजन वर्ग से एक नाम,अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग से भी एक नाम शामिल है।

**30 जून तक रिपोर्ट दिल्ली जाएगी: 1 जुलाई को घोषणा** -दैनिक विजयमत से बातचीत करते हुए केन्द्रीय पर्यवेक्षक विवेक बंसल ने बताया कि शहडोल जिला अध्यक्ष पद हेतु लगभग 3 दर्जन लोगों ने दावेदारी प्रस्तुत की है परंतु सिर्फ 6 नामों की सूची ही दिल्ली जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के 6 ब्लाक एवं 4 उप ब्लाक में हमने मीटिंग करके एवं आम जनता से पूछताछ करके सर्वे एवं रायशुमारी की गई है। आज पार्टी जिला कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा जनरल मीटिंग हमने ली हैं।

**स्वच्छ छवि वाले नेता को मिलेगी जिम्मेदारी** -श्री बंसल ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि स्वच्छ छवि पार्टीआडियोंलाजी में विश्वास रखने एवं सबको साथ लेकर चलने वाले कार्यकर्ता को ही हाई कमान द्वारा कांग्रेस जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

### चोरों ने फिर चटकाए दो घरों के ताले, नौ लाख से अधिक की चोरी

**विजय मत, शहडोल**



जिले के ब्यौहारी और जयसिंहनगर थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाओं ने स्थानीय निवासियों में चिंता और भय का माहौल पैदा कर दिया है। इन दोनों घटनाओं में चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात और नकद पैसे लेकर फरार हो गए, जिससे कुल मिलाकर 9 लाख रुपये से अधिक की चोरी हुई।
ब्यौहारी थाना क्षेत्र के सनौसी गांव की निवासी ज्ञानवती पटेल ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि वे एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। जब वे घर लौटी, तब उन्हें चोरी की जानकारी हुई। हमारा घर सुनसान था। यही मौका था जब चोर अंदर घुसे। उन्होंने मेरे घर से 40 हजार रुपये नकद और तीन तोला सोना और चांदी के जेवरात चुरा लिए। उसकी कीमत लगभग तीन लाख रुपये है।
वहीं, जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के कुबरा गांव में भी एक चोरी की घटना सामने आई है। पीड़ित अनुज गौतम ने बताया कि रात उनका परिवार घर में ही सो रहा था। चोर पीछे के दरवाजे से अंदर घुसे और हमारे अलमारी से 6 तोला सोना, चांदी और 30 हजार नकद रुपये चोरी कर ले गए। जब सुबह हम जागे, तो हमें यह चोरी की घटना का पता लगा। पीड़ित के अनुसार यह चोरी छह लाख से अधिक की है। शिकायत पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है।
पुलिस के अनुसार दोनों मामलों में गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि चोरी की धाराओं के तहत अज्ञात आरोपियों मामला दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश में हम तेजी से कार्रवाई कर रहे हैं। इन घटनाओं को लेकर स्थानीय निवासियों में चिंता का माहौल है। कई लोगों ने बताया कि इस तरह की घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं, जिससे उनका सुरक्षा का भरोसा ख़त्म हो रहा है।

# ग्राम पंचायत पकरिया में ग्रामीणों नें किया योग



शहडोल। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आज सुबह जनपद पंचायत बुढार अंतर्गत ग्राम पंचायत पकरिया के पंचायत भवन में ग्राम जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों नें योग किया।

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की वैश्विक थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। इसे देखते हुये ग्राम पंचायत में एकत्र ग्रामीणों को वर्षों से योग कर रहे राजेन्द्र गुप्ता नें योग कराते हुये जीवन में योग के महत्व को बताया, योगा से कैसे हर व्यक्ति अपनें जीवन को स्वस्थ व निरोगी रख सकता है इसकी भी जानकारी दी। इस दौरान ग्राम पंचायत परिसर में सभी एकत्र नागरिकों नें उपसरपंच श्रीमती रेखा समाजसेवी बुद्धू चौधरी की अगुवाई में पंचायत भवन में फलदार वृक्षों का रोपण भी किया।

### 15 अगस्त के पूर्व घर - घर नल जल कनेक्शन देने का लक्ष्य पूरा करें : आयुक्त

**विजय मत, शहडोल**

प्रदेश सरकार द्वारा 15 अगस्त के पूर्व नल जल योजनाओं के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया हैए संभाग के शहडोलए उमरिया एवं अनूपपुर जिलों में यह लक्ष्य प्राप्त करने के लिए संबंधित अधिकारी साप्ताहिक लक्ष्य बनाकर पूरा करें। सिंगल फेज की जो नल जल योजनाएं पूरी नहीं हुई हैए उन्हें शीघ्र पूरा करायें तथा ग्राम पंचायतों को हैन्ड ओवर करें। जिन योजनाओं में कमियां हैंएउनका भी निराकरण किया जाए। यह निर्देश आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के तीनों जिलों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की एकल नल जल योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए।
बैठक में संयुक्त आयुक्त मगन सिंह कनेश सीईओ जिला पंचायत अनूपपुर तन्मय वशिष्ठ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल नरेन्द्र सिंह सहित तीनो जिलों के कार्यपालन यंत्री तथा सहायक यंत्री उपस्थित रहे।
आयुक्त ने निर्देश दिए कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ठेकेदारो की बैठक करेंए उन्हें लक्ष्य सौंपे तथा उनसे सामग्री व्यवस्थाए मशीनरी तथा अन्य आवश्यकता की आकलन कर कार्य योजना के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए जाय।इन सभी कार्यों की सघन मानीटरिंग भी कराई जाए। जिन योजनाओं को पूरा करने की राज्य स्तर से सहमति मिल गई हैए उनके टेन्डर की कार्रवाई जल्दी पूरा करके कार्य शुरू करायेंए जिससे समय सीमा में कार्य पूरा किया जा सके।

**कायाकल्प**

## राजस्व विभाग के रिकार्ड रूप में गंदे और बदबूदार, वातावरण से कर्मचारियों को भी मिल सकती है मुक्ति

# जबलपुर की तरह शहडोल के रिकार्ड रूम का कब होगा कायाकल्प ?



जबलपुर के रिकार्ड [illegible] उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव

**विजय मत, शहडोल**

अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे लाल बस्ते का चलन खत्म करने के लिए भू-अखिलेख के व्यवस्थित रख रखाव के लिए जबलपुर में भी की गई पहल की मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव द्वारा सराहना की गइ है। जहां एक ओर राजस्व रिकार्ड की नकल निकलवाने के लिए आवेदनों को चक्कर लगाना पड़ता है वही दूसरी ओर रिकार्ड रूमे के कर्मचारियों को भी गंदे और बदबूदार वातावरण घुट-घुट कर ड्यूटी करने को मजबूर होना पड़ता है। अब सवाल उठता है कि जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा किए गए भू-अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव के नवाचार को शहडोल में भी अपनाया जाएगा। शहडोल के संवेदनशील कलेक्टर डा. केदार सिंह क्या जबलपुर की तरह शहडोल के रिकार्ड रूम का भी कायाकल्प करेंगे।

### रिकार्ड रूम का ऐसे हुआ कायाकल्प

राजस्व विभाग के रिकार्ड रूम का हाल सारे जमाने में अमूमन एक जैसा है। लाल-पीले रंगे के काले पड़ चुके बस्तों में दम तोड़ती फाइलें, गंदे और बदबूदार हाल, सांस लेना भी दूभर। कौन सा रिकार्ड कहां रखा है, यह दुलर्भ जानकारी केवल चंद बाबुओं और भृत्यों को ही मालूम है। रिकार्ड नहीं मिल रहा है, यह रोज की कहानी है लेकिन जबलपुर में अब आवेदक नकल के लिए किसी का मोहताज नहीं रहा। जबलपुर कलेक्टर कार्यालय के रिकार्ड रूम का कायाकल्प हो गया है। किसान हितैषी मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप लगभग 300 कर्मचारियों की मदद से चर माह में रिकार्ड रूम की दशा बदल दी गई है। अब रिकार्ड कहां रखा है, चाबी आवेदक के हाथ में है।

### हमेशा के लिए खत्म रिकार्ड रूम की समस्या

रिकार्ड रूम की समस्या हमेशा के लिए खत्म करने के लिए जबलपुर में कपड़े के बस्ते की जगह प्लास्टिक के बाक्स ने ले ली है। हर केस फाइल को झाड़-पोंछकर बस्ते से निकाल कर प्लास्टिक की पन्नी में डाला गया और फिर प्लास्टिक की पन्नी में रखे गए केस को प्लास्टिक बाक्स में तरीके से जमाया गया। हर प्लास्टिक बॉक्स की तहसील के हिसाब से कलर कोडिंग की गई है। उन पर मौजावार, वर्षवार, मदवार केस के डिटेल स्टीकर पर प्रिंट कराकर चिपकाए गए। रिकार्ड रूम और उसमें रखी रैक्स का रंग रोगन कियागया। रिकार्उ रूम एयरकंडीशन बनाया गया। हर रैक और उसकी शेल्फ को एक यूनिक नंबर दिया गया। हर शेल्फ में रखे प्लास्टिक बॉक्स और बॉक्स में प्लास्टिक की पन्नी में रखे केस की कोडिंग की गई।

### अब आवेदक को घर बैठे मिलती है जानकारी

सारी जानकारी अब ऑनलाइन एप्लीकेशन तैयार कर उस पर डाल दी गई है। पोर्टल पर चंद इंट्रियों से पता चल जाता है कि रिकार्ड सिक रैक पर किस शेल्फ पर, किस बॉक्स में और किस नंबर पर रखा है। अब आवेदक घर बैठे भी पता कर सकता है कि उसक केस कहां रखा हुआ है। रिकार्ड रूम के बाहर लगाए गए कियोस्क पर केस नंबर डालकर रिकार्ड रूम में केस की लोकेशन का पता कोई भी लगा सकता है।

### मिशन शक्ति योजना अंतर्गत किया गया जागरूकता कार्यक्रम

शहडोल। मिशन शक्ति योजना अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अखिलेश मिश्रा के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर प्रशासकध्सहायक संचालक श्रीमती संजीता भगत के द्वारा कल्याणपुर जिला शहडोल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आजीविका मिशन अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही। जिन्हें है महिला सशक्तिकरण केंद्र अंतर्गत घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली समस्त सेवाओं से अवगत कराया गया। साथ ही शासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जारी किए गए टोल फ्री नंबर 181 महिला हेल्पलाइन के बारे में भी बताया गया।

# भारतीय टीम के टेस्ट कप्तान बनते ही किंग की राह पर चल पड़े प्रिंस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में खेले जा रहे टेस्ट में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने शतक जड़ मेजबान टीम को चौंका दिया। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने काफी उम्मीदों के साथ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था, लेकिन गिल और यशस्वी ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। यशस्वी 101 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, कप्तान गिल 127 रन बनाकर नाबाद हैं। उनके साथ उपकप्तान ऋषभ पंत 65 रन बनाकर क्रीज पर हैं। गिल और यशस्वी ने इस टेस्ट में काफी प्रभावित किया। 92 रन पर दो विकेट गिर जाने के बाद दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 129 रन की साझेदारी निभाई। यशस्वी जब बल्लेबाजी कर रहे थे तो गिल ने प्लेमेकर की भूमिका निभाई और संभल कर शॉट्स खेले। जैसे ही यशस्वी आउट हुए तो गिल ने शॉट्स लगाने शुरू किए और टेस्ट करियर का छठा शतक जड़ा। प्रिंस के नाम से मशहूर गिल अब किंग विराट कोहली के नक्शेकदम पर चल चुके हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि दोनों के स्टैट में समानता से पता चलता है।

### कप्तानी से पहले दोनों का औसत 40 से नीचे था

इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट बतौर कप्तान गिल का पहला टेस्ट है। बतौर कप्तान अपनी डेब्यू पारी में ही गिल ने शतक जड़ दिया। गिल का टेस्ट में औसत 37.41 का है और इस टेस्ट से पहले उनका औसत 35.06 का था। ठीक उसी तरह जैसे कोहली का बतौर कप्तान डेब्यू से पहले औसत 40 से नीचे थे। कोहली का टेस्ट में बतौर कप्तान पहला मैच ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 2014 में आया था। भारत ने 2014 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एडिलेड में पहला मैच ही कोहली की कप्तानी में खेला था। इस टेस्ट की पहली पारी में कोहली ने 115 रन बनाए थे। इस मैच से पहले कोहली का टेस्ट में औसत 39.47 का था। इसके बाद कोहली ने टेस्ट में कई रिकॉर्ड्स बनाए। गिल से भी यही उम्मीद की जा रही है।

### कप्तानी डेब्यू पर शतक

गिल ने बतौर कप्तान अपने पहले ही मैच की पहली पारी में शतक जड़ दिया। किंग कोहली ने भी 2014 में ऐसा किया था। उन्होंने तब पहली पारी में 115 रन बनाने के अलावा दूसरी पारी में भी 141 रन बनाए थे। अब यह देखने वाली बात होगी कि अगर भारत को दूसरी पारी में खेलने का मौका मिलता है तो गिल कैसा प्रदर्शन करते हैं। एक चीज जो और देखने वाली रही, बतौर कप्तान डेब्यू पर शतक के वक्त दोनों के हाथ में एमआरएफ का ही बल्ला रहा।



### बल्लेबाजी क्रम बदलता रहा

गिल ने टेस्ट करियर की शुरुआत ओपनर के तौर पर की थी। फिर पुजारा के हटने और यशस्वी के आने के बाद उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी पड़ी। अब वह भारत के नए नंबर चार हैं। ठीक इसी तरह कोहली के बल्लेबाजी क्रम में भी काफी बदलाव हुए थे। कोहली ने 2011 में टेस्ट डेब्यू छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए किया था। फिर उन्हें 2012 में पांचवें नंबर पर भेजा जाने लगा। 2012 के जनवरी में राहुल द्रविड़ के संन्यास के बाद तीसरा स्थान खाली हुआ तो बीच-बीच में उन्हें नंबर तीन पर भी बल्लेबाजी करनी पड़ी। हालांकि, 2013 में सचिन के संन्यास के बाद कोहली को पूरी तरह नंबर चार दे दिया गया। अब कोहली के संन्यास पर शुभमन को यह स्थान दिया गया है। सचिन से कोहली और कोहली से गिल तक यह परंपरा चली आ रही है।

### बतौर खिलाड़ी फेल, लेकिन कप्तान बनते ही बदला अंदाज

गिल का इससे पहले न सिर्फ इंग्लैंड में बल्कि किसी SENA देश में अच्छा रिकॉर्ड नहीं था। हालांकि, कप्तान बनते ही गिल का अंदाज बदल गया और उन्होंने इंग्लैंड में अपनी पहली ही पारी में शतक जड़ दिया। यह ठीक उसी तरह है जैसे किंग कोहली ने बतौर कप्तान बनते ही इंग्लैंड में धमाल मचाया था। 2014 में जुलाई में जब टीम इंडिया ने इंग्लैंड का दौरा किया था तो कोहली बतौर बल्लेबाज फ्लॉप साबित हुए थे। यह सीरीज उनके लिए डरावने सपने की तरह थी। वह तब 10 पारियों में 134 रन बना पाए थे। हालांकि, इसके बाद जब टीम इंडिया ने 2018 में कोहली के कप्तान रहते हुए इंग्लैंड का दौरा किया तो किंग के तेवर बदले हुए थे। यह बतौर कप्तान कोहली का पहला इंग्लैंड दौरा था और वह सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। इस सीरीज में कोहली ने 10 पारियों में 593 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, कोहली ने बतौर कप्तान इंग्लैंड में अपनी पहली ही पारी में 149 रन (बर्मिंघम टेस्ट, 2018) बनाए थे। प्रिंस गिल से भी यही उम्मीद की जा रही है।

### नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में ही शतक

गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज तक तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की थी। हालांकि, कोहली के संन्यास के बाद टीम मैनेजमेंट को उन्हें चौथे नंबर पर भेजने का कॉल लेना पड़ा और यह सही साबित हुआ। गिल ने नंबर चार पर अपनी पहली ही पारी में शतक जड़ दिया। कोहली ने भी 2013 में ऐसा ही किया था। 2013 में दक्षिण अफ्रीका के दौरे से पहले कोहली ने कभी नंबर चार पर बल्लेबाजी नहीं की थी। वांडरर्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नंबर चार पर डेब्यू करते हुए कोहली ने अपनी पहली ही पारी में 119 रन बनाए थे।

### कप्तान के रूप में अपने पहले ही मैच में पूरे किए 2000 टेस्ट रन

गिल ने शुक्रवार को 127 रन की नाबाद पारी के दौरान टेस्ट में 2000 रन भी पूरे कर लिए। उन्हें ऐसा करने के लिए 107 रन की जरूरत थी। प्रिंस गिल की तरह साल 2014 में कोहली ने भी बतौर कप्तान अपना पहला मैच खेलते ही टेस्ट में 2000 रन पूरे किए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2014 में एडिलेड टेस्ट से पहले कोहली के 1855 रन थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में 115 रन और दूसरी पारी में 141 रन बनाए। दूसरी पारी में 30 रन बनाते ही कोहली ने टेस्ट में 2000 रन पूरे कर लिए थे। इसे अब संयोग कहें या कुछ और, लेकिन ऐसा प्रतीत हो रहा है कि प्रिंस किंग की राह पर चलने को तैयार हैं। इतना ही नहीं, भारत को एक नया सितारा भी मिल गया है।

## भारतीय महिला पहलवानों का कमाल, अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में टीम खिताब जीता



**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण और पांच रजत सहित सभी 10 वर्गों में एक-एक पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया।

प्रियांशी प्रजापत (50 किग्रा), रीना (55 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। भारत की पांच अन्य पहलवानों ने भी फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन आखिर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नेहा शर्मा (57 किग्रा), तन्वी (59 किग्रा), प्रगति (62 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि हिनाबेन खलीफा (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्रीको-रोमन शैली में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि नितेश (97 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि निखिल (61 किग्रा), सुजीत कलकल (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्रमोहन (79 किग्रा) और सचिन (92 किग्रा) भी स्वर्ण पदक के लिए अपना दांव लगाएंगे।




## सबालेंका ने बर्लिन ओपन में रिबाकिना को हराया, ज्वेरेव सेमीफाइनल में पहुंचे

एरिना सबालेंका ने बर्लिन ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और चार मैच प्वाइंट बचाकर एलिना रिबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से मात दी। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका अंतिम सेट के टाईब्रेक में 6-2 से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की तथा लगातार छह अंक जीतकर सत्र के अपने आठवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सबालेंका का अगला मुकाबला मार्केटा वोंद्रोसोवा से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-4, 6-1 से हराया। लियुडमिला सैमसोनोवा ने भी अमांडा अनिसिमोवा पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला वांग झिन्यू या पाउला बाडोसा से होगा। हाले टेनिस टूर्नामेंट में अस्वस्थ होने के बावजूद ज्वेरेव क्वार्टर फाइनल में फ्लेवियो कोबोली को 6-4, 7-6 से हराने में सफल रहे। ज्वेरेव ने पांचवीं बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। ज्वेरेव पांचवें ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने इस टूर्नामेंट में पांच या अधिक बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। उनसे पहले रोजर फेडरर, येवगेनी काफेलनिकोव, फिलिप कोहलश्राइबर और टॉमी हास ने यह उपलब्धि हासिल की थी। ज्वेरेव का सामना अपने सबसे पुराने प्रतिद्वंद्वियों में से एक डेनिल मेदवेदेव से होगा।

## लगातार 90 मीटर भाला फेंकने के लिए भारतीय चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने दिया जीत का मंत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और यहां पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीतने वाले नीरज चोपड़ा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार 90 मीटर से अधिक दूरी तक भाला फेंकने के लिए उन्हें अपनी प्रमुख मांसपेशियों पर कड़ी मेहनत करनी होगी और शरीर को अधिक मजबूत बनाना होगा। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा ने शुक्रवार को 88.16 मीटर के थ्रो के साथ दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता, लेकिन वह इस साल की शुरुआत में दोहा डायमंड लीग में दर्ज किए गए 90.23 मीटर के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी करने या उससे आगे निकलने में असफल रहे। दोहा में वह अपने जर्मन प्रतिद्वंद्वी जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने कहा, मुझे थ्रो करते समय और अधिक नियंत्रण बनाने की जरूरत है। हम अभ्यास में इस पर काम कर रहे हैं लेकिन अभी कई चीजों को बदलना होगा। मुझे लगता है कि लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए मुझे मजबूत मांसपेशियों और मजबूत शरीर की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं ताकि अपने प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरा उतर सकें। चोपड़ा ने कहा, यह सिर्फ समय और लय की बात है। मैं अधिक से अधिक प्रतियोगिताओं में जीत हासिल करना चाहता हूं। इस शीर्ष एथलीट ने कहा कि वह अपने रन अप से खुश हैं, लेकिन जब थ्रो के समय की बात आती है तो उन्हें कुछ और प्रयास करने होंगे। चोपड़ा ने कहा, मैं रन अप में बहुत अच्छा महसूस करता हूं, लेकिन जब मैं भाला फेंकता हूं तो टाइमिंग इतनी अच्छी नहीं होती। मैं तेजी से बायीं तरफ जाता हूं और यह अच्छा नहीं होता। मुझे छाती की तरफ सामने की ओर भाला फेंकना होता है और भाला ऊपर की ओर फेंकना होता है। हम इस पर काम कर रहे हैं। चोपड़ा ने अपने आगामी कार्यक्रम के बारे में कहा, मैं चार दिन बाद 24 जून को ओस्ट्रावा (गोल्डन स्पाइक एथलेटिक मीट) में भाग लूंगा। इसलिए मुझे रिकवरी की जरूरत है। चोपड़ा को आगे जिन प्रतियोगिताओं में भाग लेना है उनमें पांच जुलाई को बेंगलुरू में होने वाली पहली नीरज चोपड़ा क्लासिक भी शामिल है जिसके वह स्वयं मेजबान हैं। विश्व एथलेटिक्स ने इसे ए श्रेणी की प्रतियोगिता का दर्जा दिया है। चोपड़ा ने 16 मई को डायमंड लीग के दोहा चरण में 90.23 मीटर की दूरी तय करके दूसरा स्थान हासिल किया था।



# बिजनेस

## सार व्यापार

### एयर इंडिया की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बुकिंग में 20 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली,(ईएमएस)। एयर इंडिया की फ्लाइट के भयावह हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया है। हादसे का असर सिर्फ भावनात्मक नहीं, बल्कि एयरलाइन की कारोबारी स्थिति पर भी साफ दिख रहा है। घटना के बाद यात्रियों के मन में डर बैठ गया है और इसका नतीजा यह हुआ है कि एयर इंडिया की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बुकिंग में करीब 20 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि किराए में भी 8 से 15 प्रतिशत तक की कटौती की गई है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) के अध्यक्ष रवि गोसाईं ने यह जानकारी दी। आईएटीओ अध्यक्ष के अनुसार, हादसे के तुरंत बाद इंटरनेशनल रूट्स पर बुकिंग में 18-22 प्रतिशत और घरेलू फ्लाइट्स में 10-12 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। उन्होंने दो टूक कहा कि यह रुझान फिलहाल अस्थायी और भावनात्मक प्रतिक्रिया जैसा प्रतीत होता है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि समय के साथ स्थिति सामान्य हो सकती है, क्योंकि एयर इंडिया पर किसी प्रणालीगत सुरक्षा चूक का आरोप नहीं है और डीसीसीए जैसे नियामक संस्थानों ने इसकी अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के पालन की पुष्टि की है। हादसे के बाद एयर इंडिया ने किराये में भी कटौती की है। घरेलू रूट्स पर किराया 8-12 प्रतिशत कम हुआ है। इंटरनेशनल रूट्स, खासकर यूरोप और दक्षिण-पूर्व एशिया की उड़ानों पर 10-15 प्रतिशत तक की कमी देखी गई है।



### 80 दिनों में इनकम टैक्स कलेक्शन 5.45 लाख करोड़ के पार

मुंबई (ईएमएस)। देश के डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में लगातार मजबूती देखने को मिल रही है। वित्त मंत्रालय के अनुसार 19 जून 2025 तक डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 4.86 फीसदी बढ़कर 5.45 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया, जो बीते साल इसी अवधि में 5.19 लाख करोड़ रुपए था। हालांकि, टैक्स रिफंड में तेज बढ़ोतरी के चलते शुद्ध टैक्स संग्रह (नेट कलेक्शन) में हल्की गिरावट देखी गई। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार टैक्स रिफंड में साल-दर-साल 58.04 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यह रिफंड 2024 में 54,661 करोड़ रुपए था, जो अब बढ़कर 86,385 करोड़ रुपए हो गया है। इसके चलते नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 1.39 फीसदी घटकर 4.58 लाख करोड़ रुपए रह गया। एडवांस टैक्स कलेक्शन में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिला है। कुल एडवांस टैक्स 3.87 फीसदी बढ़कर 1,55,533 करोड़ रुपए हो गया है। इसमें कॉरपोरेट टैक्स का योगदान 1,21,604 करोड़ रुपए रहा, जो करीब 6 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। हालांकि, नॉन-कॉरपोरेट एडवांस टैक्स में 2.68 फीसदी की गिरावट आई है और यह घटकर 33,928 करोड़ रुपए रह गया है।




## ब्रोकरेज हाउस ने टाटा मोटर्स के शेयर्स पर दिखाया भरोसा, 20 प्रतिशत से अधिक की तेजी आएगी

**मुंबई, एजेंसी**

बीते एक साल से स्टॉक मार्केट में संघर्ष कर रहे स्टॉक टाटा मोटर्स के प्रदर्शन को लेकर ब्रोकरेज हाउस ने बड़ी भविष्यवाणी की है। ब्रोकरेज हाउस का कहना हैं कि कंपनी के शेयरों में 20 प्रतिशत से अधिक की तेजी प्राप्त करने की क्षमता है। बता दें, शुक्रवार को मार्केट की तेजी में टाटा मोटर्स के शेयरों में भी बढ़त दिखाई दी थी। रिपोर्ट के अनुसार टाटा मोटर्स लिमिटेड के शेयरों को ब्रोकरेज फर्म ने आउटपरफॉर्म रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस की ओर से टाटा ग्रुप के स्टॉक का टारगेट मूल्य 830 रुपये प्रति शेयर सेट किया है। ब्रोकरेज हाउस का कहना है कि जगुआर और लैंडरोवर एक लक्जरी ब्रांड बनने की ओर अग्रसर हो रहे है। टाटा मोटर्स का फोकस है कि पैसेंजर वाहन सेगमेंट में उसका मार्केट शेयर बढ़े। इसके लिए कंपनी अलग-अलग मॉडल लांच कर रही है। वहीं, टाटा मोटर्स इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में भी तेजी से काम कर रही है। कंपनी ने ईवी सेगमेंट के लिए जो टारगेट रखा है, उस टारगेट को 2030 में हासिल कर लेगी। बता दें, टाटा मोटर्स की कुल सेल्स का 15 प्रतिशत ईवी सेगमेंट से आता है। अपनी प्रतिद्वंदी कंपनी हुंडई, मारुति की तुलना में टाटा मोटर्स ईवी सेगमेंट में अच्छा काम कर रही है। बीते एक साल में टाटा मोटर्स के शेयरों का भाव 30 प्रतिशत टूट चुका है। कंपनी ने 2 साल में करीब 16 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 30 प्रतिशत की तेजी आई है।




### एनएसई के आईपीओ में कोई भी रुकावट नहीं रहेगी: सेबी प्रमुख

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि एनएसई के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए कोई रुकावट उत्पन्न नहीं होगी। सेबी प्रमुख ने बहुप्रतीक्षित आईपीओ के दिवाली से पहले आने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर कोई समयसीमा साझा करने से इनकार कर दिया। उन्होंने यहां एफई सीएफओ अवॉर्ड्स समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसई के आईपीओ के मामले में कोई भी बाधा नहीं रहेगी। पांडेय ने दोहराया कि सेबी शेयर बाजारों द्वारा समाशोधन निगम का स्वामित्व रखने से सहमत है और यह स्वामित्व एनएसई के आईपीओ की दौड़ में कोई 'बाधा नहीं है। उन्होंने बताया कि समाशोधन निगम के स्वामित्व के मामले में हर देश के अपने मॉडल होते हैं। अमेरिका में ब्रोकर इसके मालिक हैं जबकि भारत में वे अलग-अलग इकाई के रूप में काम करते हैं। मार्च में सेबी प्रमुख का पदभार संभालने वाले पांडेय ने कहा कि एनएसई कुछ कानूनी प्रक्रियाओं को निपटाने की प्रक्रिया में है, जिसमें कुछ राशि का भुगतान करना और कुछ मामलों को वापस लेना शामिल है। हालांकि, उन्होंने निपटान की सटीक प्रकृति और किए जाने वाले भुगतानों के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी।

## भारत का योग मार्केट 2030 तक 12,667 अरब डॉलर का होगा!

### सालाना 12.2% की दर से हो रही है ग्रोथ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत का योग मार्केट 2023 में 5,672.7 अरब अमेरिकी डॉलर था और 2030 तक यह बढ़कर 12,667 अरब डॉलर हो जाएगा। यह ग्रोथ सालाना 12.2 फीसदी की दर से हो रही है, जो किसी भी इंडस्ट्री के लिए बेहद प्रभावशाली आंकड़ा है। आश्चर्य की बात यह है कि यह विकास न सिर्फ घरेलू बाजार में है बल्कि भारत दुनिया भर में योग को एक एक्सपोर्टेबल प्रोडक्ट के रूप में पेश कर रहा है। इससे न सिर्फ भारत की छवि विश्वगुरु के रूप में मजबूत हुई है, बल्कि रोजगार, विदेशी मुद्रा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में भी नई जान फूंकी है। यह रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि भारत न सिर्फ अपनी पारंपरिक योग विद्या को पुनः स्थापित कर रहा है, बल्कि उसे वैश्विक व्यापार में बदलकर रोजगार, निर्यात और पर्यटन जैसे कई क्षेत्रों को गति भी दे रहा है। यह ट्रेंड दिखाता है कि योग अब 'स्पिरिचुअल से सर्विस सेक्टर' तक की यात्रा तय कर चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में सबसे ज्यादा कमाई ऑफलाइन योग कोर्स से हुई, जहां लोग योग स्टूडियो, कैंप और वर्कशॉप्स में भाग लेते हैं। हालांकि आने वाले वर्षों में 'ऑनलाइन योग कोर्स' सबसे तेजी से बढ़ने वाला सेगमेंट साबित होगा। यह जानकारी एक अध्ययन से सामने आई, जो कहता है कि कोविड-19 महामारी के बाद लोगों की जीवनशैली में आए बदलाव ने योग को डिजिटल रूप दे दिया है।



## बीमा क्षेत्र में केंद्र सरकार दे सकती है बोर्ड में विदेशी निदेशकों की मंजूरी

### बीमा विधेयक तैयार, आगामी मॉनसून सत्र में पेश किए जाने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार विदेशी बीमा कंपनियों को अन्य प्रमुख प्रबंधन कर्मियों (केएमपी) के अलावा बोर्ड में बहुसंख्य अनिवासी सदस्यों को नियुक्त करने की अनुमति दे सकती है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के मुताबिक बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को मौजूदा 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी किए जाने के बाद ऐसा किया जा सकता है। यह अमेरिका की सरकार और अमेरिकी बीमा उद्योग की एक प्रमुख मांग रही है। हाल में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) व कोअलिशन ऑफ सर्विसेज इंडस्ट्रीज (सीएसआई) दोनों ने इस मुद्दे को उठाया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि बीमा विधेयक हमारी ओर से तैयार है और उसे आगामी मॉनसून सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। हम निदेशकों की नियुक्ति से संबंधित प्रावधानों को आसान बना रहे हैं। अगर कोई अमेरिकी नागरिक या कोई विदेशी पेशेवर नेतृत्व की भूमिका निभाता है तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। विदेशी बीमा कंपनियां पहले से ही बीमा नियामक आईआरडीएआई के जरिये पूरी तरह विनियमित हैं। इन बदलावों के कारण उनके कारोबार अथवा संरचना पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि इन सुधारों का उद्देश्य विदेशी नियंत्रण के लिए दरवाजे खोलना नहीं बल्कि नेतृत्व की भूमिकाओं में वैश्विक भागीदारी का स्वागत करना है। मगर दूसरे अधिकारी ने कहा कि सरकार का मानना है कि इस अनुमति के बावजूद विदेशी बीमा कंपनियां ऐसे पदों को भरने के लिए अनिवासी भारतीय पेशेवरों पर अधिक निर्भर रहेंगी।

### ईरान-इजराइल तनाव से वैश्विक आपूर्ति पर असर

## तेल की कीमतों में तीन साल की सबसे बड़ी बढ़त दर्ज की गई, भारत पर भी होगा असर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईरान और इज़राइल के बीच चल रहे तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों को झकझोर दिया है। बीते दिनों कच्चे तेल की कीमतों में एक ही दिन में बीते तीन वर्षों की सबसे बड़ी बढ़त दर्ज की गई। तेल की कीमतों में उछाल ने भारत समेत कई तेल आयातक देशों के लिए गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि इस संघर्ष का वैश्विक आपूर्ति पर भी असर पड़ा है और भारत भी प्रभावित हो सकता है। अगर ईरान पर इजराइल और अमेरिका का दबाव बढ़ता है तो वह तेल की आपूर्ति रोक सकता है। खाड़ी क्षेत्र के अन्य उत्पादक देशों की तेल साइट्स भी ईरानी मिसाइलों की रेंज में हैं। इससे सप्लाई ठप हो सकती है और कीमतों में अप्रत्याशित तेजी आ सकती है, जिसका असर भारत पर भी होगा। ईरान वैश्विक क्रूड ऑयल आपूर्ति में लगभग 2 फीसदी का योगदान देता है। खरग द्वीप के ज़रिए ईरान का 90 फीसदी तेल निर्यात होता है लेकिन हालिया सैटेलाइट इमेज से शिपमेंट में गिरावट सामने आई है। वहीं, होर्मुज जलडमरूमध्य ङ्क जहां से 20 फीसदी वैश्विक तेल आता-जाता है, अभी चालू है लेकिन खतरा मंडरा रहा है। तेल संकट की स्थिति में दुनिया की उम्मीदें सऊदी अरब और यूएई पर टिकी होंगी। दोनों मिलकर 30-40 लाख बैरल अतिरिक्त उत्पादन कर सकते हैं। सऊदी अरब पहले ही 12.7 मिलियन बैरल प्रतिदिन उत्पादन कर रहा है और इसके पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल भंडार है।



### देवास में सामूहिक योग कार्यक्रम में बोले उपमुख्यमंत्री देवड़ा

# योग मन की सकारात्मक ऊर्जा, शांति, बुद्धि के लिये आवश्यक



**विजय मत, ब्यूरो देवास**

उपमुख्यमंत्री एवं देवास जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में 11 वाँ अन्तराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। देवड़ा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम में जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक संगठनों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, स्वयंसेवी संस्थाएं, छात्र-छात्राओं और अधिकारियों के साथ योग किया। उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी देखा गया। प्रभारी मंत्री देवड़ा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

प्रभारी मंत्री देवड़ा ने कहा कि आज एक साथ पूरा विश्व योग कर रहा है। योग से शरीर के साथ मन भी स्वस्थ रहता है। ''एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग'' की थीम पर इस वर्ष योग दिवस मनाया जा रहा है।उन्होंने सभी को योग दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि केवल एक दिन नहीं प्रतिदिन योग करें,यदि आप नियमित रूप से योग करते हैं तो शरीर में ऊर्जा का संचार होगा। योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है, क्योंकि यह हमें रोगों से लड़ने की शक्ति देता है। योग मन की शांति, बुद्धि एवं शरीर के लिये और सकारात्मक ऊर्जा के लिये आवश्यक है। कार्यक्रम में योग गुरु राजेश बैरागी ने मंच पर योग का प्रदर्शन किया। उनके साथ-साथ उपस्थित अतिथियों एवं अन्य लोगों ने योग के लिए हाथ उठाए। योग के प्रति उत्साही भागीदारी देखी गई है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूर्ण हुआ है।

## शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए योग करें: स्कूली शिक्षा मंत्री सिंह



**विजय मत, ब्यूरो नर्मदापुरम।** जिले में 11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम समूचे अपार उत्साह के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय नर्मदापुरम में शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में योग अभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामूहिक योग अभ्यास का नेतृत्व स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधि ने भी योगाभ्यास किया। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए हर व्यक्ति को योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम जितना ज्यादा योग करेंगे हमारा मन उतना ही शांत रहेगा। मंत्री सिंह ने कहा कि योग व्यक्ति घर में भी कर सकता है, उसके लिए उसे बाहर जाने की भी आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चों के लिए हम बेहतर भविष्य गढ़ने का कार्य कर रहे हैं। भविष्य में सभी चीजें एआई के माध्यम से होगी। एआई तकनीक से हम आवश्यक सहयोग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सरकारी स्कूल के बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा को साबित करके दिखाया है। 10वीं एवं 12वीं का रिजल्ट उत्कृष्ट रहा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल से योग दिवस पर प्रदेशवासियों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। दोनों कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण टेलीविजन के माध्यम से किया गया।

## रेडक्रास में भी किया गया योगाभ्यास

**विजय मत, भोपाल।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी, मध्यप्रदेश राज्य शाखा शिवाजी नगर, भेपाल में 21 जून 2025 को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह बात रेडक्रास के जनरल सेक्रेटरी रामेन्द्र सिंह ने कही। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' रखी गई है। कार्यक्रम रेडक्रास कार्यालय स्थित धनवंतरि सभागृह में संपन्न हुआ, जहाँ पर डॉ. प्रदुम्न गुप्ता द्वारा रेडक्रास के चिकित्सकों और स्टाफ को योगाभ्यास कराया गया। सिंह ने बताया कि राज्य की सभी जिला रेडक्रास शाखाओं के साथ ही जूनियर रेडक्रास एवं यूथ रेडक्रास से जुड़े महाविद्यालयों और विद्यालयों में भी योगाभ्यास किया गया। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत वर्ष 2015 से हुई थी, जिसका प्रस्ताव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में रखा था। इसके बाद 11 दिसंबर 2014 को इसे मंजूरी दी गई और 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय हुआ। सिंह ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से न केवल मानसिक तनाव और चिंता कम होती है, बल्कि यह शारीरिक स्फूर्ति, एकाग्रता, मांसपेशियों की ताकत और हृदय स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है।

### मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा योग संगम का आयोजन

# योग शरीर को निरोगी रखने में सहायक इसे दिनचर्या में शामिल करें: शुक्ल



**विजय मत, भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि योग शरीर को निरोगी रखने में सहायक है। योग को दिनचर्या में शामिल करने से हम अपने स्वास्थ्य को ठीक रख सकते हैं। जब हम स्वस्थ रहेंगे तभी परिवार, समाज एवं सार्वजनिक जीवन में अपनी जिम्मेदारियों का पूरी सक्षमता से निर्वहन कर पाएंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मार्तण्ड स्कूल ग्राउण्ड रीवा के मैदान में 11वें विश्व योग दिवस पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, स्थानीय नागरिकों तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ सामूहिक योग किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को योग को अपने दैनिक दिनचर्चा में शामिल करने का संकल्प दिलाया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि हमें गर्व है कि हमारी प्राचीन योग परम्परा को विश्व स्तर पर मान्यता मिली है। महर्षि पतंजलि ने देश व समाज को योग से अवगत कराया। वर्तमान समय में बाबा रामदेव ने इस विधा को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे विश्वव्यापी बनाने का कार्य किया और संपूर्ण विश्व में योग दिवस पर लोग योग करके इसे अंगीकार कर रहे हैं। भारत पूरी दुनिया को परिवार मानता है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने योग दिवस पर सभी के स्वस्थ रहने की कामना की। उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री मोदी का विशाखापट्नम से लाइव उद्बोधन को देखा और सुना। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का उद्बोधन भी लाइव प्रसारित किया गया। पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत सहित अधिकारी, शिक्षक, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, पुलिस अधिकारी योग में शामिल हुए।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में योग सत्र

**विजय मत, भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून शनिवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने भोपाल के शिवाजी नगर स्थित पालिका भवन कार्यालय परिसर में योग सत्र का आयोजन किया गया। सामूहिक योग सत्र में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योगाभ्यास कर तन, मन और आत्मा की शुद्धि के साथ योग से एकता के संदेश को आत्मसात किया। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने कहा कि सामूहिक योग के आयोजन का उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि योग हमारी प्राचीन परंपरा का अभिन्न हिस्सा है, जो व्यक्ति के समग्र विकास में सहायक होता है। योग सत्र के दौरान अपर आयुक्त कैलाश वानखेड़े, के.एल. मीणा, डॉ परीक्षित झाड़े, प्रमुख अभियंता आनंद सिंह, अपर संचालक अनिल गोंड, अधीक्षण अभियंता जीवन सिंह एवं रवि चतुर्वेदी सहित विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग को अपने जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया और सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।



### नए मेडिकल कॉलेजों को संबल देगा मप्र सरकार का प्रोत्साहन पैकेज

# नियमित वेतन के अलावा शिक्षकों को मिलेगी ₹50,000 की प्रोत्साहन राशि

**विजय मत, भोपाल**

मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य में मेडिकल शिक्षा को मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। अब नए और छोटे जिलों में स्थापित हो रहे मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित होने वाले शिक्षकों को नियमित वेतन के साथ-साथ 50,000 रुपये प्रतिमाह की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह निर्णय ऐसे समय में आया है, जब राज्य पहले से ही योग्य चिकित्सकों और मेडिकल शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है।

### छोटे जिलों में नहीं मिल रहे योग्य शिक्षक, सरकार की चिंता बढ़ी

श्योपुर, सिंगरौली, मंडला, राजगढ़, छतरपुर, दमोह, बुधनी जैसे अपेक्षाकृत पिछड़े और नए जिलों में शिक्षक, सहायक प्राध्यापक, सह प्राध्यापक और प्राध्यापक जैसे महत्वपूर्ण पदों के लिए विशेषज्ञों की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। दूसरी ओर, इन इलाकों में स्थानांतरित किए गए कई वरिष्ठ शिक्षकों ने दूरस्थ क्षेत्रों में पोस्टिंग का विरोध किया है। राज्य सरकार का यह नया प्रोत्साहन पैकेज खासतौर पर भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जैसे बड़े शहरों के संस्थानों में कार्यरत अनुभवी शिक्षकों को लक्षित करता है, ताकि वे नई जगहों पर जाकर वहां के कॉलेजों को शिक्षकीय आधार प्रदान करें।




### प्रदेश सरकार द्वारा तीन बड़े निर्णयों की तैयारी

राज्य सरकार डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए तीन प्रमुख नीतिगत निर्णयों पर काम कर रही है, जिन्हें जल्द ही राज्य कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा...

- **प्रोत्साहन राशि...** छोटे जिलों में पदस्थ शिक्षकों को ₹50,000 प्रतिमाह की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि। इसके लिए न्यूनतम जनसंख्या व भौगोलिक मापदंडों के आधार पर जिलों का चयन किया जा रहा है।
- **संविदा नियुक्ति की सुविधा...** सरकारी मेडिकल कॉलेजों से 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को 70 वर्ष तक संविदा नियुक्ति पर सेवा देने का अवसर मिलेगा। वर्तमान में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है, जबकि नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) भी 70 वर्ष तक सेवा की अनुमति देता है।
- **एनएचएम सेवा का समावेश...** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में कार्यरत मेडिकल स्टाफ की सेवा को शासकीय सेवा की अवधि में सम्मिलित किया जाएगा, जिससे उन्हें स्थानांतरण और पदस्थापना में प्राथमिकता दी जा सके।

### शिक्षकों- संगठनों की सकारात्मक प्रतिक्रिया

मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (एमटीए) के अध्यक्ष डॉ. राकेश मालवीय ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, "हमने सरकार से यह मांग की थी कि यदि बड़े शहरों के वरिष्ठ शिक्षकों को नए जिलों में भेजा जाए, तो उन्हें प्रोत्साहन दिया जाए। सरकार ने हमारी मांग स्वीकार कर ली है। यह मेडिकल शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देने वाला निर्णय है।"

#### मुख्यमंत्री की पहल

### 50 नए मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाल ही में राज्य में 50 नए मेडिकल कॉलेज खोलने की महत्त्वाकांक्षी योजना की घोषणा की थी, जिनमें 13 निजी कॉलेज भी शामिल हैं। इससे राज्य में योग्य संकाय की मांग में जबरदस्त वृद्धि हुई है। फिलहाल 12 नए मेडिकल कॉलेजों को प्राथमिकता के तौर पर चयनित किया गया है, और अब शिक्षकों की नियुक्ति और स्थानांतरण का कार्य तेज किया गया है।

### नए सत्र में खुलेंगे 8 मेडिकल कॉलेज

सरकार की योजना है कि शैक्षणिक सत्र 2025ङ्क26 और 2026ङ्क27 में मिलाकर कुल 8 नए मेडिकल कॉलेज शुरू किए जाएं। इनमें से श्योपुर और सिंगरौली में इस वर्ष से ही एमबीबीएस पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए हृस्ष्ट को आवेदन भेजा जा चुका है। वहीं, बुधनी, उज्जैन, मंडला और राजगढ़ में अगले शैक्षणिक सत्र से कॉलेज शुरू करने की तैयारी है। इसके साथ ही पिछले वर्ष शुरू किए गए सिवनी, नीमच और मंदसौर मेडिकल कॉलेजों को भी इस प्रोत्साहन नीति में शामिल किया जाएगा।

### पूर्व विधायक ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

# सिंधिया बोले- फोन पर बजने वाली बच्चन की आवाज से मैं भी परेशान



**विजय मत, ब्यूरो इंदौर**

पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता ने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की और मोबाइल में बजने वाली अमिताभ बच्चन की कॉलर ट्यून की शिकायत की। गुप्ता ने मंत्री सिंधिया से कहा कि जब इमरजेंसी कॉल की जाती है तो कॉल के प्रारंभ में अमिताभ बच्चन की आवाज सुनाई देती है, जिससे कॉल में विघ्न उत्पन्न हो रहा है। खासकर बुजुर्गों, मरीजों और व्यापारिक वर्ग के लोग इससे परेशान हो रहे हैं। इस पर मंत्री सिंधिया ने भी सहमति जताते हुए कहा, यह सच है, मैं भी इससे परेशान हूं। गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल फ्रॉड के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत मोबाइल कॉल के आरंभ में एक कॉलर ट्यून बजाई जा रही है। इस कॉलर ट्यून का उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को ओटीपी, बैंक विवरण या अन्य व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की चेतावनी देना है। हालांकि यह कदम सराहनीय है, लेकिन इसके कारण आम उपभोक्ताओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### "एक पेड़ मां के नाम"




**विजय मत, भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने शनिवार को अरेरा मंडल के वार्ड क्रमांक 49 स्थित अवंतिका क्लब में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण किया।

# वोट बैंक खिसकने के डर से सार्वजनिक रूप से योग नहीं करते कांग्रेसी: सोलंकी

**विजय मत, भोपाल**



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं की सोच नकारात्मक है, इसलिए उन्हें हर तरफ बुराई ही दिखाई देती है। उन्हें नियमित रूप से योग करना चाहिए, ताकि उनकी सोच की दिशा बदल सके और वे देश तथा उसकी संस्कृति के बारे में अच्छा सोच सकें। कांग्रेस के लिए आदिवासी सिर्फ वोट बैंक है। आजादी के बाद से ही कांग्रेस ने आदिवासियों को बरगलाकर उनका वोट लिया परंतु उनके उत्थान के लिए कोई कार्य नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की डबल इंजन की सरकार आदिवासियों के हितों के लिए विभिन्न जनहितैषी योजनाएं संचालित कर उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ रही है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने कहा कि मध्यप्रदेश की जनता ने 15 महीने की कमलनाथ सरकार का वो दौर देखा है, जब हर तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला था और इस भ्रष्टाचार में कांग्रेस के नेता आकंठ डूबे थे।

## प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में प्राचीन जल-स्रोतों के संरक्षण में समाज की भागीदारी

**विजय मत, भोपाल**

नगरीय क्षेत्रों में 30 मार्च से शुरू हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्य अब लगभग अंतिम चरण की ओर हैं। नगरीय निकायों में स्थित जल संरचनाओं की साफ-सफाई एवं पुनर्जीवन, वर्षा जल संचयन के लिये रैन वाटर हॉर्वेस्टिंग संरचना तैयार करने के कार्य को हाथ में लिया गया। इसी के साथ नगरीय इलाकों में हरित क्षेत्र विकास के लिये पौध-रोपण का कार्य विभागीय योजनाओं और जन-भागीदारी से किया गया। इन कार्यों की समीक्षा नगरीय निकायों में नियमित रूप से की गयी। नगरीय क्षेत्र के निवासियों में जल एवं पर्यावरण संरक्षण तथा उनके प्रति स्वामित्व की भावना का विकास करने के लिये नगरीय निकायों में जन-जागरूकता और प्रचार-प्रसार का कार्य प्रमुखता से किया गया। नगरीय क्षेत्र के विद्यालयों में चित्रकला, निबंध और रंगोली प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयीं। इन गतिविधियों से विद्यार्थियों में प्रकृति से प्रेम की भावना मजबूत हुई।

**विजय मत एंकर** सत्ता में वापसी के लिए कांग्रेस ने अभी से शुरू कर दी तैयारी

# कांग्रेस का फोकस वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन और इलेक्शन मैनेजमेंट पर

**विजय मत, भोपाल**

मप्र में 2023 में विधानसभा और 2024 लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस तितर-बितर हो गई है। ऐसे में कांग्रेस आलाकमान ने संगठन को मजबूत करने और 2028 में सत्ता में वापसी के लिए अभी से रणनीति बनाकर काम करना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि मप्र में सिर्फ 15 महीनों को छोड़कर पिछले 20 सालों से कांग्रेस सत्ता से बाहर रही है। पार्टी लगातार चुनाव हार रही है। 2020 में हुए दलबदल के बाद कई क्षेत्रों में कांग्रेस का संगठन बेहद नाजुक स्थिति में हैं। अब कांग्रेस अपने संगठन को मजबूत करने के लिए विदिशा मॉडल पर काम करेगी। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने संगठनात्मक रूप से सबसे कमजोर जिले विदिशा में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया। इस पायलट प्रोजेक्ट के लिए 70 एक्सपर्ट्स को चुनकर विदिशा जिले की पांचों विधानसभा सीटों के हर ग्राम पंचायत और वार्ड में भेजा गया। एक्सपर्ट्स ने पंचायत




और वार्ड में सबसे पहले कांग्रेस की कमजोरी की वजहों को लेकर रिपोर्ट तैयार की। इसके बाद पंचायत और वार्ड समिति के लिए वैचारिक रूप से मजबूत कार्यकर्ताओं के नाम छांटे। बातचीत के बाद पंचायत और वार्ड समिति का गठन किया। इन समितियों के सदस्य अब गांव और वार्ड में कांग्रेस के लिए काम करेंगे। फर्जी वोटर्स की पहचान से लेकर वोटरलिस्ट वेरिफिकेशन और चुनाव की तैयारी में ये समिति काम करेगी। विदिशा जिले में समितियों के गठन के बाद अब इस मॉडल पर प्रदेश के दूसरे जिलों में काम किया जाएगा। कांग्रेस ने विदिशा जिले की पंचायत और वार्ड समितियों का गठन करने के बाद ऑनलाइन डेटा अपलोड भी किया है। इसमें समिति के अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों के नाम, मोबाइल नंबर सहित तमाम जानकारी ऑनलाइन दर्ज की गई है। अब इन समितियों के वॉट्सऐप ग्रुप बनाकर आगे संगठन के काम को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित किया जाएगा।

### विदिशा से हुई पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत

कांग्रेस के संगठन प्रभारी संजय कामले ने बताया- कांग्रेस पार्टी ने बहुत महत्वाकांक्षी पायलट प्रोजेक्ट के लिए विदिशा जिले को चुना था। पार्टी में इस बात की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी कि संगठन में किस तरह से संगठन में बदलाव करना चाहिए। कैसे कांग्रेस पार्टी की जमीनी स्तर पर शुरुआत कर सकते हैं। हमारे अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस पर जोर दिया। विदिशा जिले के पायलट प्रोजेक्ट में जमीनी स्तर पर समितियों के गठन का काम करने पहुंचे एक्सपर्ट्स को कई चुनौतियों का सामना भी करना पड़ा।

### टिफिन मीटिंग करेंगे पीसीसी चीफ पटवारी



विदिशा जिले में गठित हुई पंचायत और वार्ड समिति के अध्यक्षों के साथ पीसीसी चीफ जीतू पटवारी जुलाई के महीने में टिफिन मीटिंग करेंगे। विधानसभा वार होने वाली टिफिन मीटिंग में सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घर से भोजन बनवाकर टिफिन लेकर आएंगे और एक जगह पीसीसी चीफ सभी अध्यक्षों के साथ बैठकर चर्चा करेंगे और भोजन करेंगे। विदिशा जिले के बाद कांग्रेस अब इस मॉडल पर भोपाल और नर्मदापुरम संभाग की उन विधानसभाओं में इसपर काम शुरू करेगी। जहां कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। कांग्रेस का मानना है कि इन दोनों संभागों में कांग्रेस की स्थिति सुधारने की सबसे ज्यादा जरूरत है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, ( *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com